

**शक्तिकांत दास को मिला दुनिया के बेस्ट गवर्नर का खिताब:** सेंट्रल बैंकिंग ने RBI गवर्नर दास को 'गवर्नर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से नवाजा


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 213/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 17 मार्च 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in




**भारत और ऑस्ट्रेलिया पहला वनडेः टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी**





मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से वेस्टर्न नेवल कमांड के वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, 21 कॉर्प्स के लेफ्टिनेंट जनरल विपुल सिंघल, रीयर एडमिरल समीर सक्सेना, और ब्रिगेडियर एस. एस. छिल्लर ने निवास कार्यालय पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर प्रमुख सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क राघवेंद्र कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

## विधानसभा के बजट सत्र का दसवां दिन

# महू कांड को लेकर हंगामा, स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर आज होगा निर्णय



**भोपाल।** विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन की कार्यवाही शुरू हो गई है। प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक विजय राघवेंद्र सिंह के सवाल करने से पहले ही विधायक बाला बच्चन ने महू कांड का मामला उठा दिया। मृत युवती और युवक के परिजनों पर मामला दर्ज करने के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके चलते विधानसभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। एकबार फिर से कार्यवाही शुरू हो गई है।

इससे पहले सदन में जैसे ही हंगामा तेज हुआ तो संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस विधायक कांतिलाल भूरिया, बाला बच्चन और सज्जन सिंह वर्मा के द्वारा उठाए गए महू कांड पर जवाब देते हुए कहा- पीएम रिपोर्ट के अनुसार युवती की मौत करंट लगने से हुई है। जहां तक युवती और मृतक के परिजनों पर मामला दर्ज होने की बात है तो सीसीटीवी फुटेज के आधार पर यह देखा गया कि थाने पर जो हमला हुआ और पुलिस अधिकारी कर्मचारी घायल हुए, उसके आधार पर 13 या 17 लोगों पर केस दर्ज किया है। उसके पिता पर भी मामला दर्ज हुआ है। हालांकि, जांच में किसी के साथ भी अन्याय नहीं होगा।




आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार परन्याय की मांग करते हुए कांग्रेसी विधायक बाला बच्चन के नेतृत्व मे विधायक विजयलक्ष्मी साधो ने रोते हुए उनका दुख व्यक्त किया अनेक विधायकों नेविरोध प्रदर्शन किया एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

### इंदौर के महू की घटना पर सज्जन सिंह वर्मा दूसरे दिन भी आक्रामक

विधानसभा सत्र शुरू होने के पहले सज्जन सिंह वर्मा बोले- जिस आदिवासी महिला की मौत हुई, उसी के परिवार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इसके बाद एक आदिवासी युवक की गोली लगने से मौत हो गई। उसके ऊपर, उसके परिवार के ऊपर मामला दर्ज किया गया है। यह शिवराज का शासन है, हम शिवराज सिंह चौहान का इस्तीफा मांगते हैं।

### अविश्वास प्रस्ताव पर फैसला आज

कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी के निलंबन के बाद विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर आज फैसला होगा। विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से 3 मार्च को अविश्वास प्रस्ताव की सूचना विधानसभा के प्रमुख सचिव को दी गई थी। विधानसभा के अफसरों की मानें तो अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने का निर्णय सदन में होता है, जिसे कार्यसूची में शामिल करने का निर्णय अध्यक्ष को 14 दिन में लेना होता है। यह अवधि आज पूरी हो रही है।

### कांग्रेस के जांच दल की रिपोर्ट पेश की

महू में पुलिस गोलीबारी में आदिवासी युवक की मृत्यु एवं एक आदिवासी युवती की हत्या के मामले में कांग्रेस आदिवासी नेताओं के जांच दल ने अपनी जांच रिपोर्ट पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ को सौंपी। जांच दल में कांतिलाल भूरिया, बाला बच्चन, पाचीलाल मेड़ा और झूमा सोलंकी शामिल थीं। जांच दल ने महू पहुंचकर पुलिस गोलीबारी में मारे गए आदिवासी युवक भेरूलाल के पिता मदन सिंह छारेल और विधानसभा महेश्वर में मृतिका आदिवासी युवती से मुलाकात की।





मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज खंडवा में पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्व. नंदकुमार सिंह चौहान की प्रतिमा का अनावरण किया।

# राहुल गांधी और अदाणी को लेकर हंगामा, लोकसभा-राज्यसभा सोमवार तक के लिए स्थगित




**नई दिल्ली।** लोकसभा में 5वें दिन की कार्यवाही शुरू होने के 20 मिनट बाद ही खत्म हो गई। सदन में नारेबाजी के चलते अध्यक्ष ओम बिड़ला ने लोकसभा को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया। कांग्रेसी सांसद राहुल गांधी को बोलने दो के नारे लगा रहे थे। जबकि भाजपा पिछले 4 दिन से राहुल गांधी के कैम्ब्रिज वाले बयान पर माफी की मांग कर रही है। राज्यसभा भी सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है। उधर, सदन के स्थगित होने के बाद कांग्रेस सांसदों समेत विपक्षी दलों ने सोनिया, राहुल और खड़गे के साथ मिलकर महात्मा गांधी की मूर्ति के पास अडाणी मामले पर विरोध प्रदर्शन किया।





राहुल गांधी गुरुवार को संसद पहुंचे थे और लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से मिलकर सदन में भाषण के लिए वक्त मांगा था। उधर, भाजपा उनसे माफी की मांग पर अड़ी है। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण का आज पांचवां दिन हैं। पहले चार दिन राहुल गांधी के लंदन में दिए गए भाषण और अडाणी मामले में हंगामे की भेंट चढ़ गए।

### पहले मोदी माफी मांगें: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नड्डा के उस बयान पर नाराजगी जताई है, जिसमें भाजपा अध्यक्ष ने राहुल गांधी को देश विरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा, नड्डा खुद ही राष्ट्रविरोधी हैं और दूसरो को वो राष्ट्रविरोधी कह रहे हैं क्योंकि उनके पास कोई मुद्दा नहीं है और वो अडानी मामले, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे को छुपाने के लिए वो ऐसी बातें कर रहे हैं। क्या राहुल गांधी कभी राष्ट्रविरोधी हो सकते हैं? लोकतंत्र के बारे में अगर कहीं भाषण होता है और कोई उस पर बात करे तो क्या वो राष्ट्रविरोधी होते हैं? खुद मोदी जी ने 6-7 देशों में जाकर भारत के नागरिकों का अपमान किया तो पहले उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

### भाजपा ने राहुल के बयानों की जांच के लिए कमेटी बनाने की मांग की

सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के बयानों की जांच के लिए एक स्पेशल कमेटी बनाने की मांग की है। दुबे ने कहा कि राहुल गांधी ने यूरोप और अमेरिका में अपनी बयानों से लगातार संसद और देश की गरिमा को धूमिल किया है। इसलिए उन्हें संसद से निष्कासित करने का समय आ गया है। उनकी लोकसभा सदस्यता को समाप्त करने में मदद करनी चाहिए।



# तीन हजार रु. प्रति क्विंटल गेहूं के लिए प्रदेश भर में निकालेंगे यात्राः पटवारी

**भोपाल।** किसानों को सरकार गेहूं का भाव तीन हजार रुपये प्रति क्विंटल करे, इसके लिए एक यात्रा निकाली जाएगी। प्रदेश के हर विधानसभा में यात्रा निकाली जाएगी। कांग्रेस नेताओं के समर्थन से यात्रा निकाली जाएगी। जल्द ही इस यात्रा का रोडमैप जारी किया जाएगा। पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने यह घोषणा की है।

अपने निवास पर पटवारी ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिलना चाहिए, इसके लिए वह लगातार संघर्ष करेंगे। सीएम खुद को किसान नेता बताते हैं, लेकिन मैने तीन हजार प्रति क्विंटल गेहूं की बात कही तो निलंबित करवा दिया। निलंबन के बाद खुद बीजेपी के विधायकों ने कहा कि अच्छा मुद्दा है इस मुद्दे को उठाओ।

उन्होंने कहा कि सीएम शिवराज खूब मेहनत करते हैं, हर 15 दिन में एक योजना लांच करते हैं। अभी सीएम साहब ने कहा कि केन्द्र ने कहा कि एमपी में कोई बेरोजगार ही नहीं है। सीएम की तीन बातें अच्छी लगीं एक आइडियल नेता भी शिवराज हो सकते हैं कल महू में जिस प्रकार का मामला हुआ उसके लिए कमलनाथ ने चार सदस्यीय कमेटी भी गठित की है। सीएम साहब ये क्यों भूल रहे हैं कि एमपी में बच्चियों के साथ सबसे ज्यादा दुष्कर्म हो रहे हैं। नाबालिगों के साथ एमपी में 3558 दुष्कर्म के मामले सामने आए हैं एनसीआरबी की रिपोर्ट में आया है।

# दिल्ली सरकार का बजट सत्र शुरू, एलजी ने अभिभाषण में गिनाई सरकार की उपलब्धियां



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार का बजट सत्र आज शुरू हुआ। एलजी ने अभिभाषण में सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आठ सालों में सरकार ने हर मोर्चे पर बेहतर काम किया है। दिल्ली में मजबूत अर्थव्यवस्था के गुण हैं। दिल्ली का जीडीपी 4 प्रतिशत बढ़ गया है। सरकार ने दिल्लीवालों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। बुनियादी ढांचे के साथ शिक्षापूर्ण गुणवत्ता आई है। स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर हुआ है। दिल्ली का अपना बोर्ड बनाया गया है। उपराज्यपाल के बाहर निकलने के दौरान भाजपा विधायकों ने जोर-जोर से नारेबाजी की और मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने की मांग की।

भाजपा ने विधानसभा में दिल्ली की गंभीर समस्याओं पर चर्चा के लिए नोटिस दिया है। सभी विषयों पर चर्चा कराई जाए, ताकि जनता के सामने सच्चाई आ सके। जिन विषयों के लिए नोटिस दिए गए हैं, उनमें भ्रष्टाचार, वायु प्रदूषण, पीने के पानी का संकट, परिवहन व्यवस्था का चरमराना, नए स्कूल-कॉलेज न खुलना, स्कूलों में शिक्षकों की कमी, राशनिंग व्यवस्था चौपट होना, मोहल्ला क्लीनिक में अव्यवस्था, यमुना की सफाई न होना, बारापूला पुल के निर्माण के लिए किसानों की जमीन कौड़ियों के भाव अधिगृहीत करना और ग्रामीण क्षेत्रों व किसानों की लगातार उपेक्षा जैसे विषय शामिल हैं। भाजपा विधायक विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वह हाथ में भ्रष्ट केजरीवाल इस्तीफा दो के नारे लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी कर रहे हैं।

# सहकारी बैंक भर्ती में शिंदे सरकार को झटका, बॉम्बे हाईकोर्ट ने खारिज किया फैसला

**मुम्बई।** सहकारी बैंक में भर्ती पर शिंदे सरकार को कड़ी फटकार लगी है। बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के एक सहकारी बैंक की भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने के फैसले को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री के पास संबंधित मंत्री द्वारा की गई समीक्षा या संशोधन करने की कोई शक्ति नहीं है।

जस्टिस विनय जोशी और वाल्मीकि एसए मेनेजेस की खंडपीठ ने 3 मार्च के अपने आदेश में शिंदे के फैसले को पूरी तरह से अनुचित और कानून के अधिकार के बिना करार दिया। यह आदेश चंद्रपुर डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड और संतोषसिंह रावत नाम के एक व्यवसायी द्वारा दायर एक याचिका पर पारित किया गया। बता दें, रावत को शिंदे के फैसले का विरोध करते हुए बैंक के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था।

याचिका के मुताबिक, स्थानीय नेताओं के इशारे पर सीएम का आदेश पारित किया गया था और इसने इस तथ्य पर ध्यान नहीं दिया कि बैंक कर्मचारियों की भारी कमी का सामना कर रहा है, जिससे 93 शाखाओं को चलाना असंभव हो गया है। सीएम ने नवंबर 2022 में भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी।

# रजिस्ट्री के लिए रिश्वत लेते उप-पंजीयक कैमरे में कैद, जांच के आदेश

**विदिशा।** जिले की नटेरन तहसील मुख्यालय पर पदस्थ उप-पंजीयक दीपक अग्रवाल रजिस्ट्री के लिए रिश्वत लेते हुए कैमरे में कैद हो गए। रिश्वत के लिए सौदेबाजी का यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित होने के बाद जिला पंजीयक शिप्रा सेन ने इस मामले में जांच के आदेश दे दिए है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही उप-पंजीयक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

नटेरन एसडीएम विजय राय ने बताया कि यह वीडियो एक दिन पहले गुरुवार को जानकारी में आया था। जिसके बाद उन्होंने इस वीडियो की लिखित जानकारी कलेक्टर उमाशंकर भार्गव और जिला पंजीयक शिप्रा सेन को दे दी है। इस वीडियो में उप-पंजीयक अग्रवाल न केवल पैसे मांगते दिखाई दे रहे है बल्कि वे रिश्वत के रेट भी



बताते नजर आ रहे है। वे वीडियो में 5 लाख रुपये तक की रजिस्ट्री पर 700 रुपये और इससे अधिक की रजिस्ट्री पर 1200 रुपये लगने की बात कहते सुनाई दे रहे है। जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति ने जब रजिस्ट्री कराने के बाद उप पंजीयक को 500 रुपये दिए तो वे 200 रुपये की और मांग करने लगे। जिस पर रजिस्ट्री के आवेदन करने वाले ने कहा कि साहब, ये छोटी से रजिस्ट्री है तो अग्रवाल कहने लगे कि छोटी-बड़ी से कुछ नहीं होता। न किसी से कम और न किसी से ज्यादा। इस पर रजिस्ट्री आवेदक कहता है कि वह 500 रुपये ही दे पाएगा। इसी बातचीत का विडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो रहा है। रजिस्ट्री के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति कौन है। इसकी अभी जानकारी नहीं मिल पाई है। स्थानीय प्रशासन रजिस्ट्री के आवेदक करने वाले और रिश्वत देने वाले व्यक्ति का पता लगवाने की बात कह रहा है।

# ब्रिटेन में टिकटॉक पर बैन, अमेरिका में भी इस ऐप पर बैन की तैयारी पूरी

**लंदन/वॉशिंगटन।** चीन के सोशल मीडिया ऐप टिकटॉक को ब्रिटेन सरकार ने बैन कर दिया है। गुरुवार दोपहर ब्रिटेन सरकार की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया- कोई भी मिनिस्टर या अफसर अपने फोन में टिकटॉक का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। यह देश की सिक्योरिटी के लिए बहुत बड़ा खतरा है।




ब्रिटेन की ऋषि सुनक सरकार ने गुरुवार को अचानक टिकटॉक पर बैन लगा दिया। फिलहाल, इसका दायरा सीमित है। तमाम मिनिस्टर्स और हर सरकारी अफसर के लिए ये अब मेंडेटरी होगा कि वो अपने फोन में टिकटॉक का इस्तेमाल न करें।

# पर्यावरण बचाओ जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक से कर रहे ग्रामीणों को जागरूक

## चंदूखेड़ी में शासकीय गीतांजलि कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का आयोजन




**संत हिरदाराम नगर।** चंदूखेड़ी में शासकीय गीतांजलि कन्या महाविद्यालय ,भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का शुभारंभ किया गया। 13 मार्च को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जयश्री मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर प्रतीक्षा सावले एवं डॉ आराधना वर्मा के द्वारा शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रथम दिवस शिविर का औपचारिक उद्घाटन चंदुखेड़ी के सचिव ओम प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया। साथ ही शिविर के द्वितीय दिवस में शिविरार्थियों द्वारा प्रात: कालीन प्रभात फेरी निकाली गई एवं बौद्धिक सत्र में दिलीप पांडे एवं रवि मालवीय द्वारा बाल संरक्षण विषय पर व्याख्यान दिया गया।

शिविर के तृतीय दिवस पर योग गुरु जगदीश सिंह ठाकुर द्वारा सभी स्वयंसेवकों को योगाभ्यास कराया गया साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्रामीण वासियों के मध्य जाकर जागरूकता रैली एवं पर्यावरण बचाओ विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया। इस दिन बौद्धिक सत्र में पूजा डांगी द्वारा योग एवं ध्यान विषय पर व्याख्यान दिया गया । इसके अतिरिक्त शिविर में सायं कालीन राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई।

# दिव्यांग कलाकारों का कला कौशल अनुकरणीय है: किशन सूर्यवंशी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा है कि दिव्य कला मेले में दिव्यांग कलाकारों ने अपनी कला कौशल का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। सूर्यवंशी ने यह विचार गुरूवार को देर शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा भोपाल हाट में आयोजित दिव्य कला मेले में दिव्यांग कलाकारों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन करते हुए व्यक्त किये। सूर्यवंशी ने कहा कि ऐसे कलाकारों को हमें प्रोत्साहित करना चाहिए। इस दौरान सूर्यवंशी ने दिव्यांग कारीगरों/कलाकारों के कला कौशल की मुक्तकंठ से सराहना की और उनका उत्साहवर्धन भी किया। दिव्य कला मेले में 19 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के 100 से अधिक दिव्यांग कारीगरों/कलाकारों और उद्यमियों ने अपने उत्पादों और कला कौशल को प्रदर्शित करने हेतु स्टॉल लगाये हैं।

## खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियो ने दूध के 7 नमूने जांच के लिए भेजे

भोपाल । खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा दूध और दुग्ध उत्पादों के 07 नमूने लिये गये । लाल घाटी चौराहे पर चौपहिया वाहन पर दूध परिवहन कर्ता सुरेश मेवाड़ा से दूध के 02 नमूने, कोलार स्थित दिशा दुग्ध संघ से दूध के 02 नमूने, रिसालदार कॉलोनी स्थित गुर्जर दूध डेयरी से दूध और पनीर के नमूने, नेहरू नगर स्थित न्यू द्वारिका डेरी से दही का नमूना लिया गया है। विभाग दूध परिवहन कर्ताओ की जाँच प्रारंभ की गई है जिसके दौरान खाद्य लाइसेंस के बिना खाद्य कारोबार किये जाने के संकेत मिल रहे है। दूध अथवा अन्य खाद्य पदार्थों का परिवहन खाद्य कारोबार की श्रेणी में आने के कारण व्यवसाय की श्रेणी के अनुसार पंजीयन अथवा अनुज्ञप्ति लिया जाना अनिवार्य है। अभियान के दौरान अभिहित अधिकारी श्री डी के वर्मा के द्वारा निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को दिए गये हैँ ।

## अपर कलेक्टर हरेन्द्र नारायण ने उत्तर - दक्षिण का कार्यभार संभाला

**भोपाल** । कलेक्टर अविनाश लवानिया ने नव-नियुक्त अपर कलेक्टर हरेन्द्र नारायण को भोपाल के अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी का दायित्व सौंपा है। श्री हरेन्द्र भोपाल के उत्तर एवं दक्षिण दोनों क्षेत्रों के एडीएम का दायित्व संभालेंगे। इसके साथ ही वे वक्फ बोर्ड के प्रशासक का दायित्व भी आगामी आदेश तक संभालेंगे।

## देसी हांडी फूड फेस्ट बिट्टन मार्केट में कल से

**भोपाल** । बिट्टन मार्केट स्थित दशहरा मैदान में 18 एवं 19 मार्च को देसी हांडी फूड फेस्ट होगा। ट्राइबल से ट्रेडिशन तक थीम पर होने वाले फूड फेस्ट में कोरकू, गोंड, बैगा, भीली और सहरिया जनजातीय समूहों के पारंपरिक फूड के स्टॉल्स लगेंगे। साथ ही श्रीअन्न यानी मोटे अनाज (मिलेट्स) और देसी चौपाटी के भी कई स्टॉल्स होंगे। जनजातीय कार्य विभाग के अधीन संचालित वन्या प्रकाशन इस फेस्ट में पार्टनर है, जिसमें लाइफस्टाइल शॉपिंग का आनंद भी लिया जा सकेगा। इसमें विभिन्न जनजातीय कलाकार अपने हस्तशिल्प के स्टॉल्स भी लगाएंगे। फेस्ट में विभिन्न वर्कशॉप्स का आयोजन भी किया जाएगा। पहले दिन कोरकू, भगोरिया, परधौनी और बिरहा जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुतियाँ होंगी। दूसरे दिन गुदुम, कर्मा, गेड़ी नृत्य और कली बाई की पंडवानी की प्रस्तुति होंगी।

## महिला जनप्रतिनिधियों के क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हुई महापौर



**भोपाल** । राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा स्थानीय निकायों की निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के प्रशिक्षण हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशासन अकादमी में आयोजित किया गया है राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा नगरीय निकायों की नव निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों को निकायों के कार्य संबंधी विभिन्न विषयों की जानकारी एवं क्षमता संवर्धन हेतु तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में महापौर मालती राय भी सम्मिलित हुई। राजधानी भोपाल के आरसीवी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में आयोजित क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में प्रदेश के अन्य नगरीय निकायों की महिला जनप्रतिनिधि व नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।

# निगम अमले ने प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग व गंदगी करने वालों पर की कार्रवाई

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नगर निगम, भोपाल द्वारा डेंगू/लार्वा की जांच के साथ ही प्रतिबंधित पॉलीथीन के विक्रय, उपयोग तथा गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम अमले ने प्रतिबंधित पॉलीथीन के 86 प्रकरणों में 08 हजार 650 रूपये तथा गंदगी फैलाने सहित 46 अन्य प्रकरणों में 04 हजार 750 रूपये स्पॉट फाईन वसूल किया।

इसी तारतम्य में निगम अमले ने प्रतिबंधित पॉलीथीन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जोन क्रमांक 04 में 03 प्रकरणों में 450 रूपये, जोन क्रमांक 05 में 17 प्रकरणों में 01 हजार 700 रूपये, जोन क्रमांक 09 में 25 प्रकरणों में 02 हजार 500 रूपये, जोन क्रमांक 12 में 07 प्रकरणों में 700 रूपये, जोन क्रमांक 17 में 20 प्रकरणों में 02 हजार रूपये, जोन क्रमांक 18 में 06 प्रकरणों में 500 रूपये, जोन क्रमांक 20 में 06 प्रकरणों में 600 रूपये तथा जोन क्रमांक 21 में 02 प्रकरणों में 200 रूपये की राषि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की। इस प्रकार कुल 86 प्रकरणों में 08 हजार 650 रूपये की राषि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की।

निगम अमले ने सार्वजनिक स्थलों पर थूकने, यूरिनेषन, बिना सेग्रीगेषन किये कचरा संग्रहित करने व गंदगी फैलाने, सीएंडडी वेस्ट, ग्रीन वेस्ट, संपत्ति विरूपण सहित अन्य प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए जोन क्रमांक 04 में 11 प्रकरणों में 01 हजार 250 रूपये, जोन क्रमांक 05 में 04 प्रकरणों में 400 रूपये, जोन क्रमांक 09 में 12 प्रकरणों में 01 हजार 200 रूपये, जोन क्रमांक 18 में 06 प्रकरणों में 600 रूपये, जोन क्रमांक 20 में 05 प्रकरणों में 500 रूपये तथा जोन क्रमांक 21 में 08 प्रकरणों में 800 रूपये की राषि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल किए। इस प्रकार कुल 46 प्रकरणों में 04 हजार 750 रूपये की राषि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की।

# अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर, तीन अवैध कालोनियों को तोड़ा



## नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

जिला प्रशासन के नेतृत्व में गुरूवार को नगर निगम भोपाल की टीम ने केंद्रीय जेल के पास स्थित 3 अवैध कालोनियों को तोड़ दिया है। भोपाल केंद्रीय जेल के पास तीन अलग - अलग लोगों द्वारा अवैध रूप से बिना किसी अनुमति के कॉलोनी विकसित कर बेची जा रही थी जिसमें बाउंड्री वाल, सीसी रोड और ड्रेनेज बनाकर प्लॉट काटे जा रहे थे जबकि इसके लिए किसी प्रकार की कोई अनुमति संबंधित व्यक्तियों द्वारा नहीं ली गई थी।

एसडीएम मनोज उपाध्याय ने बताया कि कालोनीनाइजर ने नगर निगम और टाउन एंड कन्ट्री विभाग से किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी। बैरागढ़ एसडीएम मनोज उपाध्याय ने बताया कि कलेक्टर अविनाश लवानिया के निर्देश पर जिले में अवैध कॉलोनी की जांच की जा रही है। आज उसी तारतम्य में तीन अवैध कॉलोनी को तोड़ा गया। एसडीएम ने बताया कि आर के जैन ने 2 एकड़ में मुर्तजा ने गैलेक्सी ग्रीन 2 एकड़, पप्पू मेहरा 3 एकड़ में निजी भूमि पर नगर निगम और टीएनसीपी की अनुमति के बिना कॉलोनी विकसित कर रहे थे। आज नगर निगम के अमले के साथ उक्त अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर से निर्माणाधीन कॉलोनी की दीवार और अन्य निर्माण को हटाया।

# होली मिलन समारोह में दिखा वृंदावन का दृश्य

## मंत्री सारंग के मुख्य आतिथ्य में राधा-कृष्ण के संग खेली गई फूलों की होली

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग गुरूवार को नरेला विधानसभा के वार्ड 39, 40 और 58 में होली मिलन समारोह के आयोजन में शामिल हुए। मंत्री सारंग ने श्रृंगारिक राधा-कृष्ण के साथ फूलों की होली खेली। सारंग ने कहा कि होली का पर्व सद्भावना और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। यह प्रत्येक व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा के साथ निरंतर आगे बढ़ने की भी प्रेरणा देता है और सभी के जीवन में यह सुख और आनंद का रंग सदैव बना रहे। मंत्री सारंग ने कहा कि नरेला में हर त्यौहार भव्य रूप में मनाया जाता है। रक्षाबंधन के अवसर पर पिछले वर्ष 1 लाख से अधिक बहनों ने उन्हें रक्षा सूत्र बांधकर एक अटूट रिश्ता बनाया है। यह अपनत्व का भाव ही नरेला विधानसभा को नरेला परिवार के रूप में स्थापित करता है। नरेला विधानसभा के तीनों वार्डों में आयोजित होली मिलन समारोह पुष्पों की सुगंध के साथ वृंदावन की होली जैसा प्रतीत हो रहा था। सारंग ने राधा-कृष्ण के स्वरूप में तैयार कलाकारों एवं रहवासियों पर पुष्पवर्षा कर फूलों की होली खेली। समारोह में स्थानीय कलाकारों द्वारा फाग गीतों की विशेष प्रस्तुति दी गई। राधा-कृष्ण के साथ खेली गई फूलों की होली कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा।

होली मिलन समारोह के दौरान मुख्य कार्यक्रम स्थल पर आगमन के बाद मंत्री श्री सारंग का रहवासियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पवर्षा, ढोल-ताशों एवं आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया।

## तय समय में होगा बिजली बिल शिकायतों का होगा समाधान

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की बिल संबंधी सभी शिकायतों को हल करने की समय-सीमा निर्धारित कर दी गयी है। अब आपकी बिल संबंधी शिकायत को शहरी क्षेत्र में 5 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम 10 दिनों के भीतर हल किया जाएगा। इस संबंध में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने क्षेत्रीय एवं सभी मैदानी कार्यालयों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

गौरतलब है कि कंपनी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत अब उपभोक्ताओं की आकलित खपत, अधिक राशि के बिल, गलत बिल जारी होने इत्यादि शिकायतों को समय-सीमा में निराकृत किया जायेगा। शहरी क्षेत्रों में निर्धारित 5 दिवस, जिसमें वितरण केन्द्र/ज़ोन प्रभारी द्वारा दो दिवस, संभाग प्रभारी द्वारा एक दिवस एवं वृत्त प्रभारी द्वारा दो दिवस में शिकायतों को निराकृत किया जाएगा। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में निर्धारित दस दिवस, जिसमें वितरण केन्द्र/ज़ोन प्रभारी द्वारा 5 दिवस, संभाग प्रभारी द्वारा दो दिवस एवं वृत्त प्रभारी द्वारा तीन दिवस में शिकायतों को निराकृत किया जाएगा।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम में 2661 उद्यानिकी किसानों को नई तकनीक से अवगत कराया

## उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण की विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रदेश के उद्यानिकी कृषकों को खेती की नई तकनीक और उससे होने वाले लाभ से अवगत कराने जिले, प्रदेश और प्रदेश के बाहर भ्रमण करा कर प्रशिक्षित किया जा रहा है। चालू वित्त वर्ष में अब तक 2661 किसान को प्रशिक्षण दिया गया। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में विधानसभा परिसर में हुई उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में यह जानकारी दी गई। विधायक सर्वश्री मनोज चावला, सुभाष रामचरित, गोपाल सिंह चौहान, अपर मुख्य सचिव जे.एन. कंसोटिया उपस्थित थे।संचालक उद्यानिकी सुश्री निधि निवेदिता ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग की योजनाओं की प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। फल पौध-रोपण योजना में वित्तीय वर्ष 2022-23 में 247 हेक्टेयर में पौध-रोपण के लिये किसानों को 3 करोड़ 84 लाख 31 हजार रूपये का अनुदान दिया गया है। मसाला क्षेत्र विस्तार योजना में 28 हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों के उत्पादन के लिये कृषकों को अनुदान दिया गया है। व्यवसायिक उद्यानिकी फसलों की संरक्षित खेती प्रोत्साहन योजना में 10 हजार 677 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती के लिये किसानों को सहायता दी गई है। उद्यानिकी खाद्य प्र-संस्करण योजना में एक करोड़ 88 लाख 23 हजार रूपये का अनुदान दिया गया है।

बताया गया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में 4 हजार 240 कृषक को लाभान्वित किया गया है। युवाओं को माली प्रशिक्षण कार्यक्रम में 5 प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गौ-शालाओं को उद्यानिकी रोपणियों के साथ जोड़ा जा रहा है। इस परियोजना में 10 संभाग मुख्यालयों के जिलों की उद्यानिकी रोपणियों के साथ 10 गौ-शालाओं को जोड़ा गया है। रोपणी उन्नयन योजना में प्रदेश की 14 रोपणियों के उन्नयन का कार्य किया जा रहा है। प्याज भंडार गृह, राइपनिंग चेम्बर, कोल्ड-रूम, पैक हाउस, प्लास्टिक लाइनिंग ऑफ फार्म पोण्ड, उच्च तकनीक से पान की खेती, संरक्षित खेती, फल क्षेत्र विस्तार, संकर सब्जी और पुष्प क्षेत्र विस्तार योजना, जैविक खेती, चैनलिंक फेंसिंग और एमआईडीएच की प्रगति की जानकारी दी गई। एमडी एमपी एग्रो श्री संजय गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।





# दमोह के छात्र-छात्राओं और गुरुजन से की पीएम मोदी ने मुलाकात

दमोह। दमोह संसदीय क्षेत्र के शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं गुरुजन शैक्षणिक भ्रमण हेतु संसद पहुंचे। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के आग्रह को स्वीकार कर उनसे मुलाकात की। पटेल ने सोशल मीडिया पर लिखा है - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे व्यक्तित्व को करीब से देखना एक सपने के साकार होने जैसा है। यह लोकतंत्र की महिमा है और प्रधानमंत्री का व्यक्तित्व है कि साधारण व्यक्ति भी अपने देश के मुखिया से इतनी आसानी से मिल सकता है। प्रधानमंत्री की सहजता और सरलता उनके स्वभाव का अभिन्न अंग है, जो हमेशा प्रेरणा देती रहती है। मा. प्रधानमंत्री का हृदय से आभार।

# शिक्षा ही आगे बढ़ने के मार्ग को प्रशस्त करती है: राज्यपाल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि हरदा छोटा जिला होने के बाद भी विकसित और समृद्ध जिला है। यहाँ के लोग परिश्रमी हैं। वे विकास की दौड़ में अपना समस्त योगदान देने के लिये तत्पर दिखाई देते हैं। यह बात राज्यपाल पटेल ने गुरूवार को हरदा जिले के दौरे पर ग्राम रहटगांव और केलझिरी के ग्रामीणों को कई सौगातें देते हुए कहीं। किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हरदा विकास के मार्ग पर अग्रसर है। राज्यपाल पटेल ने ग्राम रहटगांव में 29 करोड़ 33 लाख रूपये के एकलव्य आवासीय विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। केलझिरी में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किये। स्थानीय सासंद डी.डी. उइके, टिमरनी विधायक संजय शाह और अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

राज्यपाल पटेल ने ग्राम रहटगांव में एकलव्य आवासीय विद्यालय भवन की सौगात देते हुए कहा कि बच्चों को अपने क्षेत्र के साथ ही प्रदेश और देश का नाम रौशन करने के लिये खूब पढ़ना-लिखना है। शिक्षा ही आगे बढ़ने के मार्ग को प्रशस्त करती है। उन्होंने बताया कि आज प्रदेश के सभी 52



जिलों में उनके दौरे पूर्ण हो गये हैं। ग्राम केलझिरी में राज्यपाल पटेल ने कहा कि उन्होंने अभी तक जितने आँगनवाड़ी केन्द्रों का भ्रमण किया है, उनमें केलझिरी का आँगनवाड़ी केन्द्र सबसे सुन्दर और व्यवस्थित है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में लाड़ली बहना योजना प्रारम्भ की है। योजना से महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधरेगी तथा समाज और परिवार में उनका सम्मान बढ़ेगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के मकान और नि:शुल्क गैस कनेक्शन की सुविधा दी है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिये कि जनजातीय बहुल ग्रामों में आँगनवाड़ी केन्द्रों में आने वाले बच्चों और महिलाओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए, जिससे सिकल सेल एनिमिया संबंधी रोग की पहचान हो सके और समय पर उपचार किया जा सके।

कृषि मंत्री पटेल ने कहा कि राज्यपाल पटेल ने सिकल सेल एनिमिया के प्रति लोगों को जागरूक करने का महती कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हरदा देश का पहला जिला है, जहाँ सबसे पहले स्वामित्व योजना का लाभ लोगों को मिलना सुनिश्चित किया गया। हरदा के रामभरोस विश्वकर्मा लाभान्वित होने वाले पहले हितग्राही हैं। राज्य और केन्द्र सरकार ग्रामीणों और किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये विभिन्न योजनाएँ बेहतर तरीके से क्रियान्वित कर रही हैं, जिससे आमजन के मन में हमारी सरकार के प्रति विश्वास पक्का हुआ है।

**राज्यपाल ने छात्राओं से किया संवाद:** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने रहटगांव आवासीय विद्यालय का लोकार्पण करने के बाद छात्राओं से चर्चा की। उन्होंने मन लगाकर पढ़ाई तथा गुरूजनों और माता-पिता का सम्मान करने की सीख दी। राज्यपाल पटेल ने उपस्थित छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा कि वे मिल-जुल कर रहें और स्कूल, माता-पिता और गुरूजनों का नाम रौशन करें। राज्यपाल ने स्कूल भवन का अवलोकन भी किया। राज्यपाल पटेल ने ग्राम केलझिरी में आँगनवाड़ी केन्द्र का अवलोकन कर बच्चों से व्यवस्थाओं और पोषण आहार संबंधी जानकारी ली। राज्यपाल ने आँगनवाड़ी भवन की व्यवस्थाओं और साज-सज्जा की सराहना की। उल्लेखनीय है कि ग्राम केलझिरी का आँगनवाड़ी केन्द्र एडॉप्ट एन आँगनवाड़ी कार्यक्रम में कलेक्टर ऋषि गर्ग ने गोद लेकर सौन्दर्यीकरण और विकास की जिम्मेदारी ली है। राज्यपाल पटेल ग्राम केलझिरी में चिकित्सा शिविर में भी पहुँचे। उन्होंने में उपचार के लिये आये सिकल सेल एनिमिया के मरीजों और चिकित्सकों से चर्चा की और टीबी के मरीजों को निक्षय किट प्रदान की। राज्यपाल ने स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार सामग्री तथा वन विभाग द्वारा 卐एक जिला-एक उत्पाद卐 कार्यक्रम में चयनित बाँस उत्पादों की प्रदर्शनी के स्टाल का भी निरीक्षण किया। राज्यपाल पटेल ने ग्राम केलझिरी में सामुदायिक चौपाल में विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये। महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों से संवाद किया और कु. पूर्वी और प्रज्ञा को लाड़ली लक्ष्मी योजना का प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

# तृप्ति अस्पताल का विधायक पटेल ने माना आभार, बलवीर यादव ने किया सम्मान





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल ने भोपाल के लालघाटी स्थित तृप्ति अस्पताल के संचालक मंडल डॉ. जसवीर कौर, राजेश कटिहार एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों प्रतीक तिवारी, डॉ राकेश महावर का नरसिंहपुर में 10 मार्च को उनके जन्मदिवस पर कैंसर एवं अन्य बीमारियों का नि:शुल्क शिविर लगाने पर अस्पताल में जाकर सभी का आभार माना। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि एवं भोपाल भाजपा के जिला महामंत्री जगदीश यादव, पूर्व पार्षद बलवीर यादव, भोपाल सिंह लोधी तथा प्रीतम सिंह लोधी भी मौजूद रहे। इसके बाद पूर्व पार्षद बलवीर यादव के रेस्टोरेंट पर विधायक पटेल का पगड़ी बांधकर उनके परिजनों एवं समर्थकों ने सम्मान किया।

# नींद जीवन की महत्वपूर्ण क्रिया: योग गुरु महेश अग्रवाल

**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के संचालक योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि 17 मार्च 2023 को विश्व नींद दिवस नींद स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है स्लोगन के साथ मनाया गया। इसे मनाए जाने का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवन में नींद के महत्व को समझाना और नींद से समझौता ना करने की सलाह देना है। इस मौके पर वैश्विक स्तर पर स्वस्थ्य जीवन में नींद के महत्व को समझते हुए कई सारे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते है ।

योग गुरु अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि निद्रा प्राकृतिक हो तथा उचित तथा स्वाभाविक रूप से आनी चाहिए। योगियों को निद्रा की जिस कला का ज्ञान है उसका अभ्यास बहुत सरल और उपयोगी है। यदि इस कला को कुछ संशोधन के साथ सर्वसाधारण को समझाया जाय तो यह अनन्त लाभ प्रदान करने वाली सिद्ध होगी। यह सोने की कला है। इसे अतीन्द्रिय निद्रा कह सकते हैं। बहुत कम लोगों को इस बात का ज्ञान है कि किस प्रकार सोना चाहिए। अधिकतर लोग पढ़ते या कुछ विचार करते हुए सोते हैं। सोचने की क्रिया के बीच नींद कब आती है इसका उन्हें ज्ञान नहीं रहता। विचारों से उलझे मन के साथ सोना शरीर एवं मन के लिए लाभदायक नहीं है। परेशान एवं उलझे मन के साथ सोना अच्छा नहीं है। इस प्रकार की नींद शरीर को पूर्ण आराम नहीं पहुँचाती। थकावट इससे दूर नहीं होती। व्यक्ति को बुरे स्वप्न आते हैं, पाचन क्रिया ठीक नहीं रहती एवं प्रातः काल उन्हें प्रफुल्लता और शक्ति का अनुभव नहीं होता। इस प्रकार की नींद अस्वास्थ्यकर एवं अवैज्ञानिक है।

# बजट से पहले 21 मार्च को होगी नगर निगम परिषद की बैठक




भोपाल। नगर निगम का आगामी बजट 31 मार्च से पहले जारी होना है। इसको लेकर 21 मार्च को नगर निगम परिषद की बैठक बुलाई गई है। इसमें तीन सड़कों काम नाम बदलने के साथ नीमच में पवन ऊर्जा संयंत्र लगाने के प्रस्ताव को शामिल किया गया है। साथ ही ऐशबाग स्टेडियम का नाम बदलकर स्व. कैलाश नारायण सारंग किए जाने संबंधी प्रस्ताव भी निगम परिषद की बैठक में लाया जाएगा।

बता दें कि इस बार नगर निगम का बजट 3200 करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है। 21 मार्च को होने वाली बजट बैठक को लेकर एजेंडा जारी कर दिया गया है। बजट से ठीक पहले आयोजित इस बैठक से कांग्रेस को उम्मीद थी कि इसमें नगर निगम चुनाव से पहले भाजपा द्वारा किए गए 22 संकल्पों को भी शामिल किया जाएगा। लेकिन एजेंडे में जनता से जुड़े मुद्दे शामिल नहीं होने पर कांग्रेस ने विरोध जताया है। नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने बताया कि एजेंडे में स्टेडियम और सड़कों के नाम बदलने के प्रस्ताव शामिल किए गए हैं, लेकिन जनता से जुड़े कोई भी मुद्दे नहीं है। चुनाव के दौरान महापौर और भाजपा ने पानी, सीवेज सिस्टम समेत जनता से जुड़ी समस्या और सुविधाओं को लेकर जो वादे किए थे, उनमें से कुछ भी एजेंडे में नहीं है।

# एम्स निदेशक प्रो. अजय सिंह करेंगे विशेषज्ञों की टीम का नेतृत्व

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक्स, बच्चों की हड्डियों और जोड़ों से संबंधित समस्याओं के समाधान करने वाली आर्थोपेडिक्स (अस्थि रोग विज्ञान) की एक विशेष शाखा है । यह विशेषज्ञता की एक उभरती हुई शाखा है और बेहतर शिक्षा एवं प्रशिक्षण के लिए एनएमसी द्वारा हाल ही में इस पर एमसीएच पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है ।

इस प्रयास को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीई-एमएस), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक्स में दो वर्षीय एफ.एन.बी. पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का प्रस्ताव दिया गया है। जाने-माने पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक सर्जन और



वर्तमान में एम्स भोपाल के निदेशक, प्रोफेसर अजय सिंह के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा एनबीई-एमएस के साथ इस पाठ्यक्रम को तैयार किए जाने और इसकी न्यूनतम आवश्यकताओं को अंतिम रूप देने का कार्य किया जाएगा ।

प्रो. अजय सिंह एक दशक से भी अधिक समय से बच्चों की हड्डी की बीमारियों के इलाज से जुड़े हुए हैं और उनके द्वारा केजीएमयू में पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक्स के सुपरस्पेशियलिटी विभाग को शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई थी ।

पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक्स के साथ-साथ उनके प्रशासनिक अनुभव को ध्यान में रखते हुए, उन्हें एनबीई-एमएस, नई दिल्ली द्वारा विशेषज्ञों की टीम के नेतृत्व के लिए चुना गया है ।

# महू की घटना की होगी मजिस्ट्रियल जांच, प्रभावित परिवार को मिलेंगे 10 लाख

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर जिले के महू में हुई घटना की मजिस्ट्रियल जाँच के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से पीड़ित परिवार को 10 लाख रूपए और बड़े बेटे को नगर परिषद में शासकीय नौकरी दी जाएगी।

परिवार के तीन बच्चों की समुचित शिक्षा के लिए जनजातीय छात्रावासों में संपूर्ण व्यवस्था की जाएगी। पीड़ित परिवार के पास प्रधानमंत्री आवास योजना में पहले से ही आवास है, उसे रेनोवेट कराने की व्यवस्था भी की जाएगी। मृतक के दाह संस्कार के लिए भी जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री चौहान ने यह जानकारी सोशल मीडिया पर जारी संदेश से दी। इंदौर कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने बताया कि मुख्यमंत्री चौहान के निर्देश पर मृतक भेरूलाल के परिजन को 10 लाख रूपये की सहायता राशि का चेक प्रभावित परिवार के गाँव पहुँच कर परिजन को प्रदान कर दिया गया है।

कलेक्टर ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी रात में ही घटना स्थल पर पहुँच गये थे।

पुलिस थाना में पथराव और गोली चालन से भेरूलाल की मृत्यु की घटना की मजिस्ट्रियल जाँच अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अजय देव शर्मा को को सौंपी गई है। साथ ही 5 थाना क्षेत्रों में धारा 144 प्रभावशील करते हुए रैली, धरना, प्रदर्शन आदि पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त रूप से दंडाधिकारी तैनात किये गये हैं।

# जैसा संकल्प वैसी सिद्धि, जैसी दृष्टि वैसी श्रृष्टि: आचार्य निलिम्प त्रिपाठी





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस में आचार्य डॉ निलिम्प त्रिपाठी ने बताया कि व्यक्ति अपनी चेतना का परिणाम है। जो व्यक्ति जैसा संकल्प करता है उसी अनुसार उसकी सिद्धि होती है। जैसे भारत मुनि ने अपने जीवन के अंत काल में हिरण की याद करते हुए प्राण त्यागे तो वे अगले जन्म में उन्हें हिरण की योनि में जन्मे। इसका अर्थ यह है कि व्यक्ति जो सोचता है वही हो जाता है। इसलिए सदैव सकारात्मक रहना चाहिए। अनुकूल चिंतन करना चाहिए।

भावना के पवित्र होने से ही व्यक्ति पवित्र होता है। इसलिए पवित्र व्यक्ति ही सत्कर्म करता है और कीर्ति को प्राप्त करता है। मिनाल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में दूर-दूर से आचार्य विद्वान आ रहे हैं। भारी संख्या में मिनाल वासी कथा का आनंद ले रहे हैं। आचार्य निलिम्प त्रिपाठी ने रोचक कथाओं के माध्यम से जीवन की पूर्णता का अनुभव कराया। धर्मलाभ! साधन है जिससे हम त्याग, तपस्या, दान और उपवास का यथार्थ अर्थ समझ पाते हैं। इसलिए सदैव सत्संग करते रहना चाहिए। आज कथा में पूर्व आबकारी अधिकारी रामसेवक मिश्र, बलराम तिवारी, बसंत कुमार बाजपेई, शारदा त्रिपाठी, वर्षा तिवारी आशा रावत, उषा पाठक, शशि राजोरिया, ममता कटारे आदि उपस्थित रहीं।

# कैलाश मड़बैया को मिला ऋषभ देव सम्मान 2023



**भोपाल।** प्रथम जैन तीर्थंकर ऋषभ नाथ जयन्ती का समारोह सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से राजधानी के ऋषभनाथ उद्यान, शाहपुरा झील के तट पर भव्य स्तर पर सम्पन्न हुआ। शाहपुरा जिनालय के तत्वावधान में मुनि द्वय निर्दोश सागर, निर्लोभ सागर आदि की पावन उपस्थिति में विख्यात कवि पद्मश्री कैलाश मड़बैया को ऋषभ देव सम्मान-2023 से समाज के पदाधिकारियों संतोष जैन, ऋषभ दिवाकर आइ.पी.एस,अध्यक्ष. आदि द्वारा अलंकृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कवि कैलाश मड़बैया द्वारा किये गये शानदार काव्य पाठ को विद्वान श्रोताओं द्वारा भरपूर सराहा गया। कतिपय अन्य सामाजिक विभूतियों राहुल कोठारी मंत्री प्रदेष भाजपा आदि को भी शाल ओढ़ाकर सम्मनित किया गया। मुनि द्वय ने अपने गंभीर सम्बोधन में तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के अवदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। अनेक सांगीतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।

स म्पा द की य

# जिम्मेदार कौन?

यह पहली घटना नहीं है। प्रदेश में आए दिन कहीं बीमारों को एंबुलेंस सुविधा नहीं मिल पा रही है तो कहीं शव को खटिया पर रखकर ले जाने की घटनाएं सामने आ जाती हैं। सिंगरौली में मौत के बाद आदिवासी युवती के शव को घर ले जाने के लिए एम्बुलेंस तक न मिलने का मामला सामने आया है। निराश होकर परिजनों को खाट पर पैदल 10 किलोमीटर तक शव ले जाना पड़ा। वो तो एक समाजसेवी ने रास्ते में अपने वाहन में शव रखकर उन्हें गांव तक छोड़ा, नहीं तो और लंबी दूरी पैदल ही तय करनी पड़ती।

प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं को शर्मसार करती यह तस्वीर उस सिंगरौली जिले की है, जो प्रदेश को सर्वाधिक टैक्स देने वाले जिलों की सूची में सबसे ऊपर माना जाता है। हालांकि मामला सीधी जिले का है, लेकिन जिस अस्पताल में महिला को ले जाना पड़ा, वो सिंगरौली जिले में है और इस गांव से अन्य सामुदायिक केंद्र के मुकाबले पास पड़ता है। भूमिमाड़ थाना क्षेत्र के केसलार गांव के आदिवासी परिवार की युवती शांति सिंह को बीमारी चलते सिंगरौली जिले के सरई थाना क्षेत्र के सरई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। जहां इलाज कराने के बाद युवती के परिजन उसके नाना के यहां ले गए। गुरुवार की सुबह युवती की तबीयत अचानक बिगड़ी। कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई।

मौत के बाद युवती के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन से शव को घर ले जाने के लिए एम्बुलेंस की मांग की, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने शव ले जाने के लिए एम्बुलेंस मुहैया नहीं कराया। कई बार सरई थाना प्रभारी से भी शव वाहन के लिए परिजनों ने संपर्क किया। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया, लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी शव वाहन व्यवस्था नहीं करा सके। गरीब आदिवासी परिवार के पास इतने पैसे नहीं थे कि वह प्राइवेट वाहन कर शव को ले जा सके। आखिर थक हारकर मृतिका शांति सिंह के परिजनों ने खाट पर पैदल शव को घर ले गए। उसके परिजन खाट पर लादकर ले जा रहे थे। 10 किलोमीटर की दूरी तय कर चुके थे, इसी बीच समाजसेवी प्रेम भाटी सिंह की नजर पड़ी तो उन्होंने शव को खाट पर ले जाने की घटना की पूरी जानकारी ली। इसके बाद अपने निजी वाहन से शव को घर तक पहुंचाया।

इसका दुखद पहलू यह है कि सिंगरौली जिले में यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं घटित हो चुकी हैं। सिंगरौली भले ही आदिवासी बहुल जिला है, लेकिन यह प्रदेश का सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में शुमार है। यहां विकास के बहुत बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी दावों और बयानों का ढेर लग जाता है। लेकिन प्रदेश के दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली की कोई न कोई तस्वीर शर्मसार कर ही देती है। आदिवासी इलाकों में एक तो आर्थिक हालात बहुत सुधरे नहीं हैं, दूसरे वहां आवागमन के साधनों की भी बेहद कमी है।

स्वास्थ्य सुविधाओं की बात करें तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक कई गांवों से दस-बीस किलोमीटर तक की दूरी पर हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की दूरी तो और अधिक हो जाता है। यही नहीं, इन प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कहीं चिकित्सक नहीं मिलते तो कहीं दवाओं को अभाव रहता है। सरकार कहती है कि वह भरपूर बजट स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए देती है। हर बार इस बजट में बढ़ोत्तरी भी की जाती है, लेकिन सिंगरौली जैसी घटनाएं सुविधाओं सहित तमाम दावों को खोखला साबित करती रहती हैं। दवाओं और एंबुलेंस की कमी नहीं, अधिकांश इलाकों में अभाव ही बना रहता है। इसमें गलती है किसी की या मजबूरी, यह नहीं कहा जा सकता। सरकार के दावों और आंकड़ों को देखें तो लगता है, लापरवाही और उदासीनता के चलते यह सब हो रहा है। यदि ऐसा है, तो सख्त कार्रवाई की अपेक्षा तो रहेगी ही। कम से कम हर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक से अधिक एंबुलेंस की व्यवस्था हो, डाक्टर और अन्य स्टाफ को लेकर भी खूब बातें होती रहती हैं। दवाओं के लिए कौन जिम्मेदार है, यह भी तय तो होना ही चाहिए।

कुछ भी करें, समाज भी आगे आए, कम से कम ऐसी घटनाएं तो नहीं होना चाहिए कि शव को लेकर लोगों को मीलों पैदल चलना पड़े। कोई खटिया पर ले जा रहा है, तो कोई साइकिल पर। कोई चादर में बांधकर लटका कर ले जाते हुए भी देखा गया। ऐसा कैसा विकास? ऐसा कैसा विकसित प्रदेश?

# डूबते अमेरिकी बैंक: भारत के लिए चेतावनी

-राकेश दुबे

मेरे एक बैंकर मित्र श्री श्याम कस्तूरे इन दिनों अमेरिका में हैं। उनसे अमेरिका के सिलिकॉन वैली बैंक,सिल्वर गेट और सिग्नेचर बैंक के डूबने पर लम्बी बात हुई, मित्र ने कुछ लिख भी भेजा। वस्तुत:- ये बैंक डूब चुके हैं, और यह घटनाक्रम भारत के लिए चेतावनी है । इन बैंकों के दिवालिया होने के बाद वहाँ के उन सभी छोटे अमेरिकी बैंकों पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं, जिनका व्यवसाय इन बैंकों के साथ जुड़ा हुआ है। अमेरिका के बैंकिंग सेक्टर की मुश्किलें बहुत बढ़ गई हैं। आर्थिक जगत के विद्वान अचंभित हैं। दुनियाभर के शेयर बाजार सहमे हुए हैं।

बैंक के प्रदर्शन और क्रेडिट गुणवत्ता के आधार पर फरवरी, 2023 में सिलिकॉन वैली बैंक को फोर्ब्स ने 100 सर्वश्रेष्ठ बैंकों की वार्षिक सूची में शीर्ष 20 में स्थान दिया था। करीब 44 प्रतिशत तकनीकी और स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनियों के साथ कारोड्डबार करने वाले इस बैंक के शेयर की कीमत तब डॉलर से भी अधिक थी। कुल 210 अरब डॉलर का कारोबार एवं 175.4 अरब डॉलर (दिसंबर, 2022 में) की जमापूंजी वाला सिलिकॉन वैली बैंक अर्श से फर्श पर है। आखिर ऐसा क्या हुआ कि दुनियाभर के तकनीकी आधारित नये स्टार्टअप्स को वित्तीय सहारा देने वाला सिलिकॉन वैली बैंक डूब गया? कुछ विद्वानों ने आशंका व्यक्त की कि 2008 में आ चुकी मंदी पुन: खुद को दोहराएगी। जमाकर्ताओं की बड़ी धनराशि डूबने का असर होगा कि ये कंपनियां अपने कर्मचारियों को उनका वेतन नहीं दे पाएंगी, जिससे लोगों की नौकरी चली जायेगी।

यह समझना महत्वपूर्ण होगा कि आखिर यह बैंक डूबा क्यों? बैंक हमेशा लेन-देन पर चलता है। जब बैंक अपने ऋणों पर तो दो से तीन प्रतिशत ब्याज लेगा और अपने जमाकर्ताओं को 5 प्रतिशत ब्याज का भुगतान करेगा तो वह बैंक असफल होगा ही। कुछ ऐसी स्थितियां सिलिकॉन वैली बैंक के साथ हुई। बढ़ती महंगाई रोकने को फेडरल बैंक ने बीते कई महीनों से ब्याज दरों को बढ़ाना शुरू कर दिया था। ब्याज दरों में निरंतर वृद्धि का दोहरा प्रभाव हुआ। पहला, निवेशकों विशेष रूप से स्टार्टअप्स का व्यवसाय के प्रति आकर्षण कम होने लगा। पिछले 12 से 15 महीनों में आसमान छूती महंगाई दरों के बीच स्टार्टअप्स की तेजी में गिरावट होने लगी। जिसका प्रभाव सिलिकॉन वैली बैंक के व्यवसाय पर भी पड़ने लगा। ऋण वापसी की दर बहुत कम हो गई। दूसरी ओर, कोरोना दुष्काल उपरांत परिस्थितियों में अपने को बाजार में बनाए रखने के लिए स्टार्टअप्स कंपनियों ने बैंक से अपनी जमा पूंजी निकालनी शुरू कर दी। पैसा लौटाने को सिलिकॉन वैली बैंक को अपने बांड बेचने पड़े। बैंक के 91 अरब डॉलर के बांड्स की कीमतों में करीब 15 अरब डॉलर की गिरावट आ गई। जब बैंक अपनी सबसे सुरक्षित संपत्ति नुकसान में बेचता है, तो इसका अर्थ है कि वह नगदी संकट का सामना कर रहा है। जिसका दुष्परिणाम सिलिकॉन वैली बैंक दिवालिया होने के रूप में सामने है।




ख़तरा यह है कि अमेरिका के 16 वें सबसे बड़े सिलिकॉन वैली बैंक के दिवालिया होने का असर 92 से अधिक उन भारतीय स्टार्टअप्स पर भी होगा, जिनका खाता इस बैंक में है। इस बैंक का एक ऑफिस बंगलौर में भी है जो स्टार्टअप्स व्यवसाय को बढ़ाने के लिए अपने यहां खाता खोलने को प्रेरित करता था। यह बैंक अपनी लचीली कार्यप्रणाली के चलते दुनियाभर के स्टार्टअप्स के लिए सबसे पसंदीदा विकल्पों में से एक है। यही कारण है कि सिलिकॉन वैली में हर तीसरा स्टार्ट-अप भारतीय अमेरिकियों का रहा है। भारत में बढ़ने वाले यूनीकार्न की संख्या में इस बैंक का भी बड़ा योगदान रहा है। पिछले अक्तूबर में भारतीय स्टार्टअप्स ने 150 मिलियन डॉलर पूंजी जुटाई थी। मौजूदा परिस्थितियों ने नापतोल, कार वाले, शादी, इनमोबी, लॉयल्टी रिवार्ड्ज आदि स्टार्टअप्स के मन में अनिश्चितता भाव बढ़ा दिया।

सिलिकॉन वैली बैंक के असफल होने से भारत के स्टार्टअप्स का वर्तमान और भविष्य भी मुश्किल में है। सरकार इन स्टार्टअप्स को बचाने को इनके साथ खड़ी है, जिससे भविष्य में हालात के बिगड़ने पर स्थिति को संभाला जा सके। सूचना और प्रौद्योगिकी केन्द्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्र शेखर ने ट्वीट में कहा कि स्टार्टअप भारतीय अर्थव्यवस्था का जरूरी हिस्सा हैं। उनसे जानने का प्रयास किया जाएगा कि सरकार उनकी मदद कैसे कर सकती है। वहीं भारतीय रिज़र्व बैंकऔर भारत सरकार को सोचना होगा कि आखिर भारतीय स्टार्टअप्स देश के बाहर के बैंकों की तरफ रुख क्यों करते हैं? क्या इनको देश की बैंकिंग व्यवस्था से नहीं जोड़ सकते हैं?

जानकार कह रहे हैं भारत की दृढ़ बैंकिंग व्यवस्था एवं रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित होने के कारण सिलिकॉन वैली बैंक के दिवालिया होने का भारतीय बैंकों पर कोई गहरा प्रभाव नहीं पड़ेगा। भारत में एनपीए स्तर नियंत्रण में है। महंगाई नियंत्रित करने के लिए आज रिज़र्व बैंक की लचीली मौद्रिक नीति की सराहना भी की जा रही है।

सिलिकॉन वैली बैंक एवं अन्य अमेरिकी बैंकों के असफल होने से 2008 की तरह मंदी के आने की संभावनाएं बहुत ही कमजोर हैं,क्योंकि 2008 की तुलना में आज विश्व बेहतर आर्थिक स्थिति में है। फेडरल बैंक का निरंतर प्रयास रहेगा कि अतिशीघ्र इस वित्तीय संकट को सुलझाया जाए। जिससे उसकी उपस्थिति आर्थिक शक्ति के रूप में बनी रहे। इसके बावजूद भारत के नीति-निर्माताओं को सतर्क रहना होगा।

# धर्म संकट में सरकार-रोकें तो वोट कटें, न रोकें तो जंगल

राघवेंद्र सिंह

वोटों से झोली भरने वाली ' लाडली बहना' स्कीम की लॉन्चिंग के साथ फ्रंट फुट पर आई शिवराज सरकार इन दिनों वोटों के गुणाभाग को लेकर अजीब सी दुविधा में है या यूं कहें धर्म संकट में है। मसला खंडवा, खरगोन और बड़वानी के जंगल साफ होने बाद अब नेपानगर (बुरहानपुर) के नावरा फॉरेस्ट रेंज का है। जंगल और आदिवासियों से जुड़ा है।

दरअसल, प्रदेश के आदिवासी बहुल जिलों में एक तरह से जंगल में डाका डालने का जैसा जघन्य अपराध हो रहा है। इसमें आदतन अपराध करने वाले माफिया सैकड़ों आदिवासियों के गिरोह को लेकर जंगल पर रातों-रात कब्जा करते हैं। हजारों की संख्या में पेड़ काटते हैं। फिर उनके ठूंटों को जला देते हैं। इसके बाद कब्जाई जमीन को मौखिक तौर पर दूसरों को बेंच कर आगे निकल जाते हैं।

लाखों पेड़ की हत्या और हजारों एकड़ जमीन पर कब्जा इसके बाद भी सरकार कुछ नहीं कर पा रही है। ऐसे उस मुख्यमंत्री की पीड़ा को समझा जा सकता है जो दो साल से रोज एक पेड़ लगा मानव निर्मित वन लगाने का सपना पूरा करने का अभियान चला रहे हो।

उसकी बेबसी यह कि वह आदिवासियों की आड़ में हो रहे इस संगठित अपराध की हकीकत जानने-समझने के बाद भी उतनी कठोरता से रोक नहीं पा रहे है जिस निर्ममता से कानून और पेड़ों के हत्यारे पिछले कुछ महीनों से पेड़ों को काटने और वन विभाग की जमीन बेंचने काम कर रहे हैं।



चिंता में डालने वाली ये जंगली डाकाकसी तब और तेज हुई है जब वन भूमि को आदिवासियों के लिए पट्टे पर देने की बात कहीं गई है। चुनावी साल है। मामला आदिवासियों का है। सरकार बीच का रास्ता निकालने की कोशिश में है। इधर प्रशासन का कहना है हमारे हाथ बंधे हुए हैं।

वन विभाग जिसके अधिकारी कर्मचारी जंगल कटाई और वन भूमि के कब्जे की घटनाओं में सबसे बड़े गुनाहगार हैं। उनका बहाना है कि एक बार विदिशा जिले के नटेरन क्षेत्र में वन कटाई और कब्जे से जुड़ी घटना पर गोली चालन में एक युवक की मौत हो गई थी। इसके बाद सरकार ने कार्यवाही में लगी पूरी टीम को ही निलंबित कर दिया था। इसलिए अब जब तक ऊपर से आदेश नहीं आते मैं कोई सीधी कार्यवाही करने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं।

सबको पता है जंगल में कटाई और कब्जे वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की सहमति या लापरवाही के बिना संभव नहीं है। इसलिए दोष तो वन विभाग के अमले का है माना जाएगा। बुरहानपुर में जिला पुलिस का कहना है वह कार्यवाही करने को तैयार है लेकिन वन विभाग के अफसर सहयोग नहीं कर रहे हैं दूसरी तरफ स्थानीय ग्रामीण पुरजोर मांग कर रहे हैं कि कब्जा करने आए माफिया से निपटने में वे सभी प्रशासन को मदद करेंगे। इसके बाद भी जंगल महकमा और पुलिस, प्रशासन सीधी कार्यवाही करने को राजी नहीं दिखते।

विषय की गंभीरता इस बात से समझी जा सकती है कि ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों को स्कूल में ताला बंद कर यह कहते हुए बंधक बना लिया था कि जब तक जंगल के अतिक्रमणकारियों को खदेड़ा नहीं जाता हम किसी अफसर को यहां से जाने नहीं देंगे। आदिवासियों के नाम पर जंगल माफिया ने खंडवा, खरगोन और बड़वानी के बाद बुरहानपुर को अपना निशाना बनाया है। जो माफिया सक्रिय हैं उनके सर हजारों रुपए के नाम है। सरकार अगर तय कर ले तो आरोपी जेल में होंगे और वन भूमि वापस सरकार के कब्जे में आएगी।

लेकिन सबसे चिंताजनक बात यह है जो पेड़ कट गए हैं वह कैसे हरे भरे होंगे और इस अपराध अपराध की सजा किससे मिलेगी कौन जिम्मेदार है खेत और महत्वपूर्ण है जब खुद रोज एक पेड़ लगाकर जंगल बढ़ाने की बात करते हैं। 17 मार्च को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुरहानपुर के दौरे पर है आशा की जा रही है तब तक इस समस्या का कोई समाधान निकल आएगा लेकिन अभी पेड़, जंगल की जमीन और सरकार का इकबाल संकट में है।

उमा- शिवराज की जुगलबंदी

मध्य प्रदेश में भाजपा की सियासत में नए समीकरण देखे जा रहे हैं इसमें सबसे महत्व पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बीच शराब नीति को लेकर हो रही जुगलबंदी सबसे महत्वपूर्ण है। उमा जी के लगातार दबाव से सरकार में शराबबंदी तो नहीं की लेकिन नई नीति में शराब के आहते बंद कर दिए। इस मुद्दे पर उमा भारती सरकार पर प्रसन्न हैं। वे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर प्रशंसा की झड़ी लगाते हुए फूलों की बारिश भी करती हैं। उनका कहना - नई शराब नीति शराबबंदी जैसी ही है।

इधर शिवराज सिंह चौहान याद दिलाते हैं की 2003 में जब भाजपा की सरकार आई थी तो उसमें उमा भारती जी सबसे बड़े योद्धा के रूप में नेतृत्व कर रहीं थी। वैसे भी यह चुनाव आदिवासी और ओबीसी को केंद्र में रखकर लड़ा जाने वाला है। इसलिए 2023 के चुनाव में संभव है उमा भारती की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाए। लेकिन इसके लिए केंद्र से हरी झंडी और स्थानीय नेताओं खासतौर से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की राय भी खास होगी। लंबे समय से सूबे की सियासत से बाहर हैं। ऐसे में उनके लिए प्रदेश की राजनीति में वापसी करने का अच्छा अवसर भी है।

# नींद जीवन की महत्पूर्ण क्रिया

नींद जीवन की महत्पूर्ण क्रिया है। नींद का प्रभाव हमारे मन, क्रियाकलाप, स्वभाव, आचरण और बुद्धि पर पड़ता है। उसे उदाहरण के लिए यदि आप प्रात: जल्दी उठने की आदत डालेंगे, दृढ़ता से प्रतिदिन के जीवन में व्यावहारिक रूप देंगे तो आप देखेंगे कि आपका पूरा जीवन बदल रहा है। उसका प्रभाव आपके जीवन से सम्बन्धित सभी बातों पर पड़ेगा। सर्वप्रथम आप अपने को ऊर्जावान, ताजा तथा मजबूत पाएँगे। यदि आप समयाभाव की शिकायत करते रहे हों तो अब आपको लगेगा कि दिन बहुत लम्बा है और आपके पास करने को कार्य उतने नहीं हैं। एक या दो दिन के लिए नहीं, परन्तु जीवनपर्यन्त आप ऐसी दिनचर्या बनायेंगे तो ऐसा अनुभव करेंगे। हर समय आप पूर्ण स्वस्थ रहेंगे। कठिन कार्य के बाद आपको थकान का अनुभव नहीं होगा। नींद न आने की शिकायत नहीं रहेगी और मन हमेशा प्रसन्न और शान्त रहेगा। जीवन के प्रत्येक क्रियाकलाप में आप सफलता प्राप्त करेंगे। शर्त यही है कि आपको इस नियम का दृढ़ता से पालन करना होगा, तभी आप इसके परिणाम से परिचित होंगे। एकमात्र यही नियम आपमें निहित सब शक्तियों को जाग्रत करने में समर्थ होगा। आप अपनी असाधारण इच्छाशक्ति के स्वामी होंगे।

नींद को बिना किसी प्रकार का महत्व दिए प्रत्येक व्यक्ति इसे स्वाभाविक तथा साधारण क्रिया के रूप में लेता है। यह अतिशयोक्ति न होगी कि कोई भी सांसारिक व्यक्ति सोने की वैज्ञानिक विधि नहीं जानता। कोई गृहस्थ नहीं जानता कि नींद कैसे ली जाए। गृहस्थों को बहुत मेहनत करनी पड़ती है। यदि वे अतीन्द्रिय निद्रा की विधि सीख लें तो उन्हें विशेष लाभ प्राप्त होगा। वे लोग कम समय में ही नींद पूरी कर लेंगे और अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

साधारणत: बिस्तर छोड़ने के बाद व्यक्ति शरीर में थकान तथा सिर में भारीपन का अनुभव करता है। कुछ व्यक्ति जागने पर सुस्ती का अनुभव करते हैं। वे बिस्तर से उठना नहीं चाहते और आधी सुप्त और आधी जाग्रत: अवस्था में पड़े रहते हैं। बहुत से व्यक्ति ऐसे हैं जो आठ घंटे या उससे भी अधिक लम्बी नींद लेते हैं, परन्तु ऐसा अनुभव करते हैं कि उनकी नींद पूरी नहीं हुई है। साधारणत: स्वस्थ व्यक्ति के लिए आठ घण्टे की नींद काफी ही नहीं है बल्कि आवश्यकता से अधिक है। कुछ लोगों को बिना ब्रोमाइड या अन्य प्रशान्तक दवाइयों के बिना नींद नहीं आती है। इस प्रकार हम देखते हैं कि जहाँ कुछ लोगों को अत्यधिक नींद लेने की समस्या है वहीं बहुत से लोग अनिद्रा से पीड़ित हैं। कुछ लोगों को पुस्तक या उपन्यास पढ़े बिना नींद नहीं आती। स्वास्थ्य के लिए यह आदत भी खराब है। लेटे हुए पढ़ते समय आँखों पर विशेष दबाव पड़ता है। परिणामत: अधिक दबाब के कारण वे थक जाती हैं और शरीर में आलस्य आने से नींद आ जाती है। यह नींद का गलत तरीका है। कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें पैरों में मालिश किए बिना नींद नहीं आती है। यह विधि खराब ही नहीं बल्कि खासकर बात से पीड़ित लोगों के लिए खतरनाक भी है। यदि व्यक्ति घर से बाहर है और ऐसी सुविधा नहीं है तो उसे नींद ही नहीं आती। यह सभी खराब आदतें हैं और इन्हें हम निद्रा के रोग ही कहेंगे।

एक और समस्या है। वर्तमान युग का व्यक्ति अत्यधिक व्यस्त रहता है। वह आधुनिक, औद्योगिक और भौतिक युग में महत्त्वाकांक्षाओं एवं इच्छाओं के पीछे दौड़ता रहता है। हम बड़े शहरों में लोगों के व्यस्ततम जीवन को जानते हैं। कुछ व्यक्ति ऐसे हैं जो विभिन्न कार्यों में इस तरह व्यस्त हैं कि उन्हें उचित आराम करने या सोने का समय नहीं मिलता। उनके लिए यह एक समस्या है। व्यापारी, डॉक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता, सरकारी या अन्य बड़े कर्मचारी सभी को नींद सम्बन्धी कुछ कठिनाई है।

योगनिद्रा एक ऐसा सुनहरा नियम है जो सभी के लिए निर्धारित किया जा सकता हैं, जिसके द्वारा वे तीन घंटों में नींद की आवश्यकता की पूर्ति कर सकते हैं। केवल तीन घंटा बिस्तर पर लेट कर ही वे 21 घण्टे के कार्य की थकान दूर कर सकते हैं। नेपोलियन ऐसा व्यक्ति माना जाता है जो कम सोता था। कहा जाता है कि कई दिनों तक उसे घोड़े की पीठ पर ही रहना पड़ता था और वहीं अपनी नींद पूरी कर लेता था। गाँधी जी भी कम सोने वाले व्यक्ति थे। वे कार्यक्रम में जाते समय और वहाँ से लौटते समय यात्रा के दौरान आराम से सो जाते थे। उनके कठिन और निरन्तर बौद्धिक



कार्यों से सब परिचित हैं। उनकी सफलता का क्या रहस्य है? सच्चे अर्थों में वे योगी थे। उनके पास मन की पूर्ण एकाग्रता थी। वे गहरी एकाग्रता के साथ अपने उद्देश्य की पूर्ति में लगे हुए थे। एकाग्रता में असीम शक्ति है। कहा जाता है कि योगी कभी नहीं सोते। पूरी चेतना के साथ उनका मन अपने उद्देश्य की प्राप्ति की ओर लगा रहता है। योगी अपनी नींद को समाधि में परिवर्तित कर देता है। है

जिस तरह सोते समय शरीर आराम करता है, उसी तरह मस्तिष्क को भी आराम मिलना चाहिए। रात्रि में भी मन का भटकना बन्द नहीं होता। विभिन्न विचारों को लिए हुए जब हम सोते हैं तब वासना, क्रोध, लालच, अभिमान, आसक्ति आदि के विचार अनेक रूप में हमारे सामने आते हैं। जब मन इधर उधर भटकता रहता है तो व्यक्ति को अच्छी नींद नहीं आती है और भयंकर स्वप्न दिखाई देते हैं। मन शान्त नहीं रहता। ताजगी का अनुभव नहीं होता। निरर्थक घटनाओं पर आधारित कामनापूर्ण विचार मध्यरात्रि में आते हैं और आत्मा को इधर-उधर भटकाते हैं तथा उसकी थकावट के कारण बनते हैं। इन अवांच्छित विचारों से ध्यान हटाने की आवश्यकता है। यदि मन को इन विचारों से अलग कर एक विशेष दिशा में निर्देशित किया जाय तो व्यक्ति को मानसिक शान्ति और आनन्द की प्राप्ति होगी।

निद्रा समाधि की ही निम्नतर अवस्था है। सोते समय व्यक्ति सांसारिक चिन्ता, परेशानी, थकावट आदि भूल जाता है और एक दूसरे लोक की यात्रा करता है। किसी प्रकार के दुर्व्यवहारों का प्रभाव उस पर नहीं पड़ता। समाधि में भी व्यक्ति को सांसारिक भावनाओं एवं संवेदनाओं का ध्यान और अनुभव नहीं होता। अंगों से भी किसी प्रकार का संदेश प्राप्त नहीं होता। परन्तु निद्रा और समाधि में भिन्नता है। नींद की अवस्था में व्यक्ति को अपने को नियन्त्रित रखने का न तो ज्ञान होता है और न इसकी शक्ति रहती है। समाधि में यद्यपि अंगों द्वारा उसे सांसारिक बातों का अनुभव नहीं होता, परन्तु वह आत्मिक रूप से जाग्रत रहता है। उसे सभी प्रकार का ज्ञान होता है, परन्तु यह अत्यन्त ऊँची आध्यात्मिक अवस्था है। यह ऐसी उच्चतम अवस्था है जिसमें व्यक्ति पूर्ण ज्ञान और प्रकाश की अवस्था में रहता है और उस समय यह संसार पूर्णत:-तमसाच्छन्न प्रतीत होता है।

साधारणत:- कुछ व्यक्ति अनिद्रा से कम या अधिक मात्रा में पीड़ित हैं और कुछ अत्यधिक नींद के शिकार हैं। यदि हम इस पर शान्त मन से विचार करें तो ज्ञात होगा कि हम कितना लम्बा और अमूल्य समय नींद में गँवा देते हैं। यदि इस अमूल्य समय का सदुपयोग हम कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य के लिए करते तो आश्चर्यजनक परिणाम की प्राप्ति होती।

सारांशत: यदि हम आवश्यक समय ही नींद के लिए दें तथा अन्य समय अपने जीवन के लिए या दूसरों के लिए रचनात्मक कार्य करें तो समाज में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते हैं। अनुपयोगी नींद के लिए जो समय हम खर्च करते हैं. उसका सदुपयोग अध्ययन, धनोपार्जन, लोक सेवा, आत्मज्ञान के लिए और आध्यात्मिक अभ्यास में करें तो अधिक अच्छा हो ।

जब लघु निद्रा पर्याप्त है तब दीर्घ निद्रा की क्या आवश्यकता है? हम सबके लिए निद्रा विज्ञान का ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है। नींद किस प्रकार की हो? हमें कितनी देर सोना चाहिए? थकावट को किस तरह जल्द दूर करें? मानसिक तनावों को कैसे हटायें? किस प्रकार न्यूनतम समय में शरीर और मन की थकावट दूर करें? किस प्रकार की नींद हमें ताजगी और ऊर्जा प्रदान करेगी? अत्यधिक निद्रा आलस्य की सूचक तथा अनिद्रा मानसिक तनाव का कारण है। दोनों ही उचित नहीं हैं।

विसरित विचारों के साथ सोना ठीक नहीं। इससे बचना चाहिए। जिस प्रकार दिनभर के कार्यों को महत्त्व प्रदान कर अच्छी तरह सम्पन्न किया जाता है, नींद को भी वैसा ही महत्त्व देना चाहिए। मन इसका प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। मशीन यदि बिना रूके दिन भर चलती रहे तो वह भी गर्म हो जाती है। इसी प्रकार नींद ठंढक पहुँचाने का साधन है। यह हमारे शरीर की बैटरी को पुन: सक्रिय बना देती है, जो दिन भर के कार्य के बाद निष्क्रिय हो जाती है। वह खर्च की हुई शक्ति को पुन: वापस करती है। बिस्तर पर लेटने से पूर्व 2 से 4 मिनट तक शान्तिपूर्वक बैठें। दिन भर के कार्यों से सम्बद्ध विचारों को मन से दूर करें। ऐसा करने की साधारण विधि यह है कि %इष्ट मंत्र% का मानसिक रूप से जप आरम्भ करें। आपको परेशान करने वाले दैनिक विचार स्वत: दूर हो जायेंगे । तत्पश्चात् कुछ समय के लिए अपने इष्ट का ध्यान करें। इसी स्थिति में बिस्तर पर लेट जायें।

शारीरिक एवं मानसिक विश्रान्ति के लिए सामान्य निद्रा से योग निद्रा कहीं अधिक उपयोगी और प्रभावकारी है। योगनिद्रा द्वारा हम केवल विश्रान्ति ही नहीं प्राप्त करते हैं, वरन् अपने सम्पूर्ण व्यक्तित्व का पुनर्निमाण एवं सुधार करते हैं। तनाव-मुक्ति, विश्रान्ति और मानसिक शान्ति रूपान्तरण के मूल मंत्र हैं। तनावग्रस्त होने पर मानव का व्यवहार बदल जाता है और तनाव मुक्त होने पर वह सहज एवं स्वाभाविक हो जाता है। यदि आप योग निद्रा का अभ्यास करें तो आपके मन की प्रवृत्ति बदल सकती हैं, रोग दूर हो सकता है और आपकी रचनात्मक प्रतिभा वापस आ सकती है। मानव के अन्दर चेतन और अचेतन मन सर्वाधिक शक्तिशाली शक्तियाँ हैं। इस सरल योगनिद्रा में मानव-मन की गहराई में प्रवेश करने की क्षमता है। व्यक्ति को कोई शारीरिक, मानसिक या भावनात्मक समस्या हो या न हो, उसे अपने मन की गहराई में उतरने व चेतना के विकास के लिए नित्य योग निद्रा का अभ्यास करना चाहिए योगनिद्रा के अभ्यास को किसी भी समय किया जा सकता है। दिन के कठिन श्रम के दौरान यदि अवसर हो तो इस अभ्यास को करके आराम लिया जा सकता है।

इस अभ्यास की एक और रोचक बात है। यदि आपने पहले से ही नींद की अवधि के बारे में निर्णय कर रखा है तो उस निश्चित समय पर आपको जगाने के लिए एक हल्का झटका लगेगा। यह तथ्य वर्षों के प्रायोगिक अनुभवों पर आधारित है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# मोटर साइकिल पुलिया से नीचे गिरी, रात भर पड़ा रहा युवक, मौत



रायसेन। सांची रोड पर बरला गांव के पास एक बाइक सवार पुलिया से नीचे गिर गया।रात भर वह घायल अवस्था मे पड़ा रहा ।सुबह जब लोगों की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुची तो पता चला युवक की मौत हो चुकी है। मृतक का सर बाइक के नीचे दबा हुआ था।मृतक की पहचान कोड़ी निवासी जाहिर खां पिता अज्जु मियां 32 साल के रूप में हुई है।जो रात को रायसेन से वापिस अपने गांव जा रहा था तभी उसकी बाइक आनियंत्रत होकर पुलिया से नीचे जा गिरी।

## 80 लीटर अवैध शराब जब्त,1200 लीटर लहान नष्ट

शिवपुरी- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल द्वारा अवैध शराव की बिक्री के विरूध्द कार्यवाही के आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एस.डी.ओ.पी पिछोर प्रशान्त शर्मा के मार्गदर्शन में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गूढर मे कंजर डैरा अछरौनी सोनी के कुआ पर अवैध रुप से शराव विक्री कर रहे है उक्त सूचना पर से दविश दी गई तो आरोपिया रूबिया पत्नि रामलखन कंजर उम्र 37 साल निवासी विच्छू पहाडिया भटीपुरा जिला महोबा उ.प्र. हाल निवासी कंजर डैरा सोनी का कुआ अछरौनी के कब्जे से दो कैनो मे 40-40 लीटर जिसमे कुल 80 लीटर हाथ भट्टी की बनी हुई देशी शराव भरी हुई थी जिसकी करीबन कीमती 30,000 रुपये है व 06 प्लास्टिक के ड्रमो को खोलकर देखा तो उनके अन्दर शराब बनाने का 1200 लीटर गुड़ का लहान भरा हुआ था जिसे मौके पर नष्ट किया गया ती मौके से शराब बनाने का एक लोहे का ड्रम, एक एल्यूमीनियम का देगचा , एक स्टील की परात जिसमे स्टील का पाइप लगा हुआ है बरामद की गई , शराब बनाने की फैक्ट्री , सीमेन्ट की बनी हौदी आदि को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया तथा उक्त आरोपिया के विरूध्द अपराध क्रमांक 131/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया आरोपी से अन्य आरोपियो के सम्बंध मे पूछताछ की जा रही है ।

## देसी कट्टा और कारतूस के साथ युवक कुठला पुलिस द्वारा गिरफ्तार



पुलिस अधीक्षक कटनी श्री सुनील कुमार जैन ( भारतीय पुलिस सेवा) के निर्देशन में कुठला पुलिस द्वारा गत दिवस एक युवक को देसी कट्टा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। टीआई कुठला अरविंद जैन के साथ प्रहलाद पैकरा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह एवं प्रधान आरक्षक अजय यादव ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर इंदिरा नगर ओवर ब्रिज के पास मणिशंकर निषाद पिता भैया लाल निषाद उम्र करीब 19 साल निवासी गली नंबर 7 इंदिरा नगर कटनी को 315 बोर के देशी कट्टा और एक कारतूस के साथ रंगे हाथों पकड़ा जाकर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए युवक मणिशंकर निषाद ने बताया कि वह मूलतया उत्तर प्रदेश के जिला मऊ का रहने वाला है और उत्तर प्रदेश के मऊ से ही जप्तशुदा देसी कट्टा खरीद कर लाया था। अवैध फायरआर्म्स रखने के आरोप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय ने जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व से ही गृह भेदन और नकबजनी का प्रकरण थाना कुठला में दर्ज है।

## गाइड लाइन हेतु आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित

छतरपुर। जिला पंजीयक एवं संयोजक जिला मूल्यांकन समिति निधि जैन छतरपुर ने बताया कि जिले की वर्ष 2023-24 की प्रस्तावित गाइडलाइन के निर्धारण हेतु 17 एवं 18 मार्च तक आम लोगों से आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किए गए है। बाजार मूल्य की गाईड लाईन वर्ष 2023-24 के प्रस्ताव का अवलोकन जिला पंजीयक कार्यालय छतरपुर एवं संबंधित मुख्यालय उप पंजीयक कार्यालय छतरपुर, बिजावर, लवकुशनगर, राजनगर, नौगांव एवं बक्स्वाहा में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है।



छतरपुर// जिला अधिवक्ता संघ के समस्त अधिवक्ताओं को सूचित किया जाता है कि कल दिनांक 17/ 3/23 को जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय में माननीय अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार आम सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें आप समस्त अधिवक्ता गणों की उपस्थिति आवश्यक एवं प्रार्थनीय है साथ ही यदि आम सभा में अधिवक्ता गण उपस्थित नहीं होते हैं तो कार्यकारिणी के समस्त सदस्य एवं समस्त पदाधिकारी गण कार्यकारिणी की बैठक आयोजित कर माननीय तहसीलदार महोदय के विरोध में आगामी हड़ताल की रूपरेखा तय करने के लिए उपस्थित होंगे जिसमें माननीय अध्यक्ष महोदय अपना विचार एवं कार्यकारिणी के विचार अनुसार आगे की रूपरेखा तय करेंगे उक्त बैठक समय 12.30 होगी।

# नर्मदापुरम सांसद राष्ट्रमंडल संसदीय संघ में प्रतिनिधि नामांकित, भारत देश की ओर से करेंगे प्रतिनिधित्व

## नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र हो रहा गौरवान्वित

रोहित चौधरी बरेली । नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के सांसद उदयप्रताप सिंह को कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) राष्ट्रमंडल संसदीय संघ में भारत देश की ओर से प्रतिनिधि नामांकित किया गया है। क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि के रूप में भारत सरकार के सुझाव पर लोकसभा अध्यक्ष द्वारा सांसद श्री राव का कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) में भारत के प्रतिनिधि के रूप में नाम निर्देशन किया है। लोकसभा सचिवालय द्वारा तदाशय की जानकारी देते हुए उल्लेखित किया गया कि कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) की कार्यकारिणी समिति में सांसद उदयप्रताप को सीपीए इंडिया यूनियन ब्रांच भारत की संसद से क्षेत्रीय प्रतिनिधि के रूप में नामित किया है। यह उल्लेख किया जा सकता है कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के 9 भौगोलिक क्षेत्र हैं और अफ्रीका क्षेत्र को छोड़कर प्रत्येक क्षेत्र के सीपीए कार्यकारी समिति में 3 क्षेत्रीय प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाता है। अपने बड़े आकार के कारण अफ्रीका क्षेत्र में 6 क्षेत्रीय प्रतिनिधि हैं। भारत से 3 प्रतिनिधियों को नामित किया गया है और वर्तमान में निम्नलिखित दो पीठासीन अधिकारी सीपीए कार्यकारी समिति में क्षेत्रीय प्रतिनिधि विश्वजीत दैमरी अध्यक्ष असम विधानसभा, श्रीमती रितु खंडूरी भूषण अध्यक्ष उत्तराखंड विधानसभा शामिल हैं। सीपीए कार्यकारी समिति में क्षेत्रीय प्रतिनिधि का एक पद अनिवार्य रूप से सीपीए इंडिया यूनियन ब्रांच भारत की संसद के पास होता है उपरोक्त के आलोक में अध्यक्ष लोकसभा ने सांसद श्री राव को सीपीए इंडिया यूनियन शाखा से क्षेत्रीय प्रतिनिधि के रूप में नामित किया है। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए सीपीए सचिवालय लंदन यूनाइटेड किंग्डम को भारत की ओर से अग्रेषित किया गया है।। राष्ट्रकुल 20वीं शताब्दी में ब्रिटेन के कई भूतपूर्व उपनिवेशों को लेकर एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन बनाया गया, जिसका अंग्रेज़ी नाम ब्रिटिश कॉमनवेल्थ था लेकिन अब राष्ट्रों का कॉमनवेल्थ कामनवेल्थ आफ नेशन कहलाता है। हिन्दी में इसे राष्ट्रमण्डल या राष्ट्रकुल कहा जाता है। अमरीकी देशों, एशियाई, अफ्रीकी, ओशिनियाई और कैरिबियाई देशों से मिलकर बना कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए),राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, एक ऐसा संगठन है जो सुशासन, लोकतंत्र और मानवाधिकारों का समर्थन करने के लिए काम करता है। नर्मदापुरम सांसद राव उदयप्रताप सिंह को कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) में प्रतिनिधि नामित किया जाना बड़ी उपलब्धि है। सांसद श्री राव ने इस हेतु भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र





मोदी, अध्यक्ष लोकसभा ओम बिरला सहित भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति आभार कृतज्ञता ज्ञापित किया है। वही मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ,प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितांनद शर्मा सहित संगठन और मध्यप्रदेश के मंत्रीगण ,विधायकगण,जिलाअध्यक्षगण और वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं ने सांसद राव उदयप्रताप सिंह को मध्यप्रदेश को गौरवान्वित करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी 7

# विधायक के आतिथ्य में क्रिकेट टूर्नामेंट का कार्यक्रम आयोजित



**नर्मदापुरम ।** सम्पूर्ण क्रिकेट समिति एवं सरपंच दुलीचंद के नेतृत्व में ,पिंटू भैय्या ( अनुराग दूबे ) रामजी दरबार सेवाआश्रम के सहयोग से मंगलवार को ग्राम तालनगरी मंदिर परिसर में विधायक पीयूष के अथित्य में क्रिकेट टूर्नामेंट का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके लिए संपूर्ण समिति को ह्रदय से आभार व्यक्त करते हैं । खेड़ापति मंदिर समिति के सेवको द्वारा छुट्टू यादव के विशेष सहयोग से प्रसादी वितरण किया गया। नर्मदा पुरम के ग्राम ताल नगरी मैं आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता समापन के अवसर पर विधायक डॉक्टर सीताशरण शर्मा पीयूष भैया जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चोकसे, जनपद सदस्य कमल मलू, जनपद सदस्य यशवंत गोर, चंद्रमोहन दुबे सरपंच दुलीचंद कीर पंच मिश्री कीर गोलू मां साहब गुनोरा विनोद वर्मा शिवा पटेल पिंटू एडवोकेट अर्पित मालवीय इटारसी सीताराम कीर इंदल कीर अशोक वर्मा गुलशन यादव श्याम किशोर समस्त ग्रामवासी ताल नगरी उपस्थित रहे ।

## पत्रकारिता का जन चेतना में योगदान पर भेंटवार्ता का प्रसारण 23 को

छतरपुर। आकाशवाणी केंद्र छतरपुर द्वारा पत्रकारिता का जन चेतना में योगदान विषय पर वरिष्ठ पत्रकार डॉ. नारायण सिंह परमार के साथ रिकॉर्ड की गई भेंटवार्ता का प्रसारण 23 मार्च को होगा। यह भेंटवार्ता आकाशवाणी केंद्र छतरपुर के निदेशकर एसडी अहिरवार द्वारा डॉ. नारायण सिंह परमार के साथ की गई है। 23 मार्च को शाम 7 बजकर 20 मिनट से प्रसारित होने वाली इस भेंटवार्ता में आजादी के पहले और आजादी के बाद देश के साथ-साथ बुंदेलखंड में जन चेतना को विकसित करने में पत्रकारिता के योगदान को रेखांकित किया गया है।

# दस हजार असाक्षर 19 मार्च को देंगे परीक्षा ,तैयारी को लेकर हुई बैठक



**नौगांव।** नव साक्षर भारत अभियान के तहत शहरों गांवों में अक्षर साथी के रूप में स्वयं सेवक असाक्षरों को साक्षर बनाने के अभियान में लगे हुए हैं। इन असाक्षरों का मूल्यांकन 19 मार्च को होना है।

बीएसी अनुपम त्रिपाठी ने बताया कि जिला समन्वयक आरपी लखेर के निर्देशन एवम् जिला सह समन्वयक शफीक अहमद के मार्गदर्शन में नौगांव विकासखंड में साक्षरता अभियान गति पकड़े हुए है।19 मार्च को होने वाली परीक्षा की तैयारियों को लेकर बीते रोज ब्लॉक सह समन्वयक महेंद्र दीक्षित की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन जनपद शिक्षा केंद्र के सभागार में किया गया।जिसमे परीक्षा को लेकर हुईं तैयारियों की समीक्षा करने के साथ ही आवश्यक निर्देशों से संकुल सह समन्वयकों को अवगत कराया गया। उक्त परीक्षा में नौगांव विकासखंड के दस हजार दो सौ सत्तर असाक्षत शामिल होंगे।श्री दीक्षित ने परीक्षा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले संकुल सह समन्वयक विवेक मिश्रा का सम्मान भी किया गया।बैठक का संचालन संतोष बाजपेयी ने किया।बैठक में एमआरसी श्रीमती शकीला खान,संकुल सह समन्वयक श्रीमती रोली निगम,स्वामी सिंह परमार,बाबूराम अहिरवार सहित सभी संकुल सह समन्वयक मौजूद रहे।

# अच्छा कार्य करने पर एडीएम सहित राजस्व अधिकारी व रीडरर्स हुए सम्मानित

**छतरपुर,**। कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा बुधवार को राजस्व समीक्षा बैठक में 6 माह के लंबित 100 से अधिक केसों के डिस्पोजल करने पर अपर कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया सहित कलेक्ट्रेट के रीडर बैजनाथ अहिरवार, राजेश सिंह चंदेल, सहा. रीडर राजेन्द्र कुमार खरे एवं सहा. सहडाटा एन्ट्री ऑपरेटर श्रीमती ज्योति परमार, प्रताप नारायण पटेल के कार्यों की प्रशंसा करते हुए बधाई दी और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। साथ ही तहसीलदार सतीश वर्मा, नायब तहसीलदार सुनील वर्मा, संध्या अग्रवाल, अभिनव शर्मा, नारायण कोरी, शैबाल सिंह तथा इनके सहायक ग्रेड-3 रीडर प्रतीक निरंजन, श्रीमती किसुम द्विवेदी, राहुल अग्रवाल, दिनेश अहिरवार, अभिषेक गोस्वामी एवं गोविंद अहिरवार के कार्यों की सराहना करते हुए सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्री जीआर द्वारा सभी से अपेक्षा करते हुए कहा गया कि आगे भी कर्तव्यों के निर्वहन में इसी तरह तेजी और ईमानदारी से कार्य करते रहें।

# अपने वार्ड में बेहतर कार्य करने पर स्वच्छता प्रहरी हुए सम्मानित

**धार.।** नगर पालिका परिषद धार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में बेहतर रेंकिंग को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में 14 मार्च मंगलवार को नगर पालिका परिषद हॉल में सफाई मित्रों की क्षमतावर्धन के लिए स्वच्छता की पाठशाला कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला में धार नगर पालिका की अध्यक्ष नेहा महेश बोड़ाने, उपाध्यक्ष मयंक म्हाले, सीएमओ निश?कांत शुक्ला, स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर राजेश शर्मा बतौर अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने वार्ड को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाने में योगदान देने पर स्वच्छता प्रहरियों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नेहा महेश बोड़ाने ने सफाई मित्रों को खुद की सुरक्षा के साथ-साथ शहर को स्वच्छता में नंबर-1 लाने के लिए उत्साह के साथ कार्य करने पर बल दिया। नपाध्यक्ष बोड़ाने ने वार्डों में स्वच्छता रखे जाने वाले स्वच्छता प्रभारी एवं स्वच्छता दरोगा को स्वच्छता के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रथम पुरूस्कार राश? रुपए 11 हजार, द्वितीय पुरूस्कार 7 हजार रुपए देने की घोषणा की। उपाध्यक्ष मयंक म्हाले ने सफाई मित्रों को क्षमतावर्धन बढ़ाने के लिए प्रेरित कर अपने उद्बोधन में कहा कि समय का सदुपयोग कर कार्य क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। साथ ही सीएमओ शुक्ला द्वारा स्वच्छता की पाठशाला पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपकी सफाई ही शहर की पहचान है ये सफाई शहर का गौरव बढ़ाती है। इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर शर्मा ने ऐतिहासिक राजा भोज की धार नगरी के वैभव और ऐतिहासिकता का उल्लेख करते हुए शहर को स्वचछता में नंबर-1 लाने के प्रयासों के लिए प्रण और प्राण से जुट जाने का आह्वान किया। स्वच्छता प्रहरियों के योगदान का उल्लेख करते हुए शर्मा ने कहा कि आपके शहर को साफ-सुथरा रखने के प्रयास सराहनीय है। कार्यशाला का संचालन पीयूष जोशी आईसीई प्रभारी नगर पालिका परिषद धार ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के धर्मेन्द्र यादव सहायक ग्रेड-3, पंकज राठौर, खुशबू राठौर, ज्योति सहित अन?य मौजूद थे।

# लाड़ली बहना योजना में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी-कलेक्टर

**शिवपुरी –** नगर स्थित माता बिजासेन मंदिर के समीप बने सभागार में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी द्वारा आज गुरूवार को पंचायत सचिव, सहायक सचिवों, सरपंच तथा उपसरपंच, एमपी ऑनलाइन तथा सीएससी सेंटरों के संचालकों को लेकर एक प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में पहुंचे कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने मौजूद सभी को निर्देश देते हुए कहा कि यह शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाली योजना है इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी जिस स्तर पर हमें कोई शिकायत प्राप्त होगी उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने ईकेवाईसी कराने के लिए 17 से 24 मार्च तक विशेष शिविर आयोजित होने की बात कही जिसमें स्थानीय प्रशासनिक अमला सीएससी तथा एमपी ऑनलाइन वाले मिलकर महिला हितग्राहियों की समग्र ईकेवाईसी करेंगे जो पूर्ण तरह निशुल्क रहेगी। सीएससी तथा एमपी ऑनलाइन वालों को शासन द्वारा प्रति हितग्राही समग्र केवाईसी करने पर 16 रूपए भुगतान किया जाएगा इसलिए हितग्राहियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसके बाद कलेक्टर चौधरी ने प्रशिक्षण में उपस्थित सचिव, सरपंच तथा सीएससी, ऑनलाइन संचालकों से बात उन्हें हो रही परेशानियों को भी जाना वही कई समस्याओं का समाधान भी बताया। इसी क्रम में कलेक्टर ने मौजूद प्रशिक्षण ग्रहिताओ से पूछा कि अभी तक किसी पंचायत ने अथवा सचिव ने ईकेवाईसी के संबंध में कोई कार्यवाही की है क्या, जिस पर पिछोर जनपद की ग्राम पंचायत सेमरी के सचिव अजब सिंह लोधी द्वारा सेमरी पंचायत में 207 महिला हितग्राहियों की समग्र केवाईसी की गई वही अजब सिंह द्वारा ही पिछले दो दिवस में 70 से अधिक महिलाओं की ई केवाईसी की गई जिस पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हौसला अफजाई के रूप में तालियों से स्वागत किया।

कार्यशाला के अंत में प्रोग्रामर जुगराज प्रजापति द्वारा स्क्रीन के माध्यम से टेक्निकल प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से पिछोर जनपद सीईओ पुष्पेंद्र व्यास, तहसीलदार अखिलेश शर्मा, मुख्य नगर परिषद अधिकारी राघवेंद्र पालिया, छत्रसाल महाविद्यालय के प्रोफेसर के.के.यादव, मधुसूदन पाठक, पंचायत इंस्पेक्टर रामकृष्ण टेगर आदि के अलावा सभी पंचायतों के सचिव सहायक सचिव, सरपंच, उपसरपंच उपस्थित रहे।

# गन्ना के भुगतान और रेट को लेकर प्रशासन और मिल मालिकों के साथ हुई बैठक

## 25 मार्च तक सभी किसानों का भुगतान सुनिश्चित हो : शैलेंद्र रघुवंशी

**चौरई।** गन्ना किसानों को समय पर भुगतान और गन्ना के रेट को लेकर बुधवार को एसडीएम कार्यालय चौरई के सभागार में बैठक आयोजित हुई। भाजपा ग्रामीण मंडल चौरई के अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी के प्रयासों से आयोजित हुई इस बैठक में मिल मालिक, मिल प्रबंधन के साथ ही तहसीलदार कुणाल राउत, नायब तहसीलदार शशांक मेश्राम, कृषि विभाग से उमेश पाटिल और किसान शामिल हुए। बैठक में शैलेंद्र रघुवंशी ने समसवाडा प्लांट से गन्ना पिराई के बाद भी किसानों का भुगतान नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई और 25 मार्च तक भुगतान सुनिश्चित करने का निवेदन किया। साथ ही उन्होंने वर्तमान में चल रही मिलों में गन्ना के रेट बढ़ाने की मांग भी की है। इस पर मिल प्रबंधन और मिल मालिकों ने प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष सभी किसानों को 25 मार्च तक 75 प्रतिशत भुगतान करने का भरोसा दिलाया। साथ ही आने वाले साल में भुगतान की व्यवस्था को समयबद्ध करने का आश्वासन भी मिल मालिकों ने दिया है। बैठक में ग्रामीण मंडल महामंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी,हरवन पटेल, बंटी जैन,प्रदीप शर्मा,मूर्ति सनोडिया,सुमेर ठाकुर, राजा बरोले, आनंद पटेल,रवि पटेल, विनोद नायक,नितेश पटेल,अनिल रघुवंशी,राजकुमार पटेल, आनंद रघुवंशी,नीरज रघुवंशी, प्रह्लाद मालवी,शैलेंद्र गुड्डू पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान और मीडिया के लोग भी मौजूद रहे।

## पंचानवे साल की वृद्धा के लिए बींस साल के युवा ने किया रक्तदान

**छतरपुर।** आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने जानकारी दी कि 95 साल की वृद्धा माता जी गिर गयी थी चोटिल होने के कारण ब्लड की आवश्यकता थी चूंकि उक्त ब्लड ग्रुप ब्लड बैंक में न होने के कारण यह जानकारी आपाजी ब्लड ग्रुप को मिली तब ग्रुप की और से नीट के छात्र युवा फरदीन कुरेशी ने रक्तदान किया और जीवन का प्रथम रक्तदान भी किया उन्होंने अपने संदेश में कहा कि में नीट की तैयारी के साथ साथ ग्रीन फील्ड स्कूल में टीचर भी हूं अब में अपने दोस्तों और समाज को प्रेरित करूँगा की वो रक्तदान जरूर करे क्योकि इससे किसी का जीवन सुरक्षित होता है और इससे लाभ ही लाभ है वृद्ध अम्मा के परिजनों ने छात्र फरदीन कुरेशी के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी साथ ही आपाजी ब्लड ग्रुप युवाओ को इस तरह रक्तदान के प्रति जागरूकता दिखाने की अपील करता है

# पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ का तृतीय दिवस

**इटारसी।** संत आचार्य पंडित विजय पांडे के नेतृत्व में कर्मकांडी ब्राह्मण एवं यजमान यज्ञ में आहुतियां छोड़ने का धर्मलाभ अर्जित किया जा रहा है।

नर्मदा पुरम जिले के मध्य में राधा स्वामी सत्संग ब्यास के सामने विशाल परिसर में विगत 3 दिनों से पंच कुंडी श्री रूद्र महायज्ञ चल रहा है। यज्ञाचार्य संत पंडित विजय पांडे एवं कर्मकांडी ब्राह्मण और यज्ञ के यजमान श्रीमती कावेरी देवी गोपीचंद अग्रवाल, अशोक गोपीचंद अग्रवाल, सत्यम अशोक अग्रवाल, अनिरुद्ध अशोक अग्रवाल, विजय संतु लाल अग्रवाल, रितेश कैलाश शर्मा, बबली ठाकुर एवं अन्य यजमान यज्ञ में आहुतियां दे रहे हैं। श्री पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ के दर्शन करने एवं परिक्रमा हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। संत आचार्य पंडित विजय पांडे ने यज्ञशाला में व्यासपीठ से संबोधित करते हुए कहा कि भोलेनाथ पालनहार और संहारक दोनों है। पूरे विश्व में भगवान भोलेनाथ ऐसे देवता है जिनको जंगली फल फूल और पानी ही पसंद है। भगवान की जटाओं से गंगा जी का अवतरण हुआ। यह जगत के कल्याण के लिए किया गया जो



भगवान भोलेनाथ का महाप्रसाद है। आचार्य पंडित विजय पांडे ने कहा कि 5 कुंड यज्ञशाला में बने हैं और प्रतिदिन श्री रूद्र महायज्ञ में आहुतियां दी जा रही हैं। यजमान के परिवार के कल्याण के साथ-साथ जगत का कल्याण हो इसी भावना से यह यज्ञ किया जा रहा है। पंच कुंडीय महायज्ञ में आहुतियां देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में यजमान आ रहे हैं। आयोजन के सूत्रधार और मुख्य यजमान सत्यम अशोक अग्रवाल ने कहा कि हमारे नवीन परिसर को प्रारंभ करने के पूर्व पंच कुंडीय श्री रूद्र महायज्ञ 7 दिनों तक इस पवित्र भूमि पर कराया जा रहा है और जगत का कल्याण हो यह हमारा मुख्य लक्ष्य है । सत्यम अग्रवाल ने सनातन हिंदू प्रेमियों से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक संख्या में श्री रूद्र महायज्ञ में शामिल हो एवं धार्मिक लाभ प्राप्त करें।


## कार्यालय नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा म.प्र.

**Municipal Corporation Chhindwara**

Near Shukla Ground,Ward no.39 Chhindwara, pin- 480001 Tel.& Fax07162-222346

Email:- commissionerchhinwara@mpurban.gov.in website:- Chhindwaranagrnigam.com

।। निविदा आमंत्रण ।।

क्रमांक/7054/स्वा.शा./न.पा.प./2023 छिंदवाड़ा दिनांक 03/03/2023

इच्छुक तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/विक्रेता/अधिकृत विक्रेता को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के द्वारा निम्नलिखित कार्य की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

| टेण्डर क्र. | कार्य के नाम | अनुमानित लागत ( राशि रू. लाख में ) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यपूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD 260886_1 | गेहूं का भूसा ( निकाय तक परिवहन सहित ) | 7 लाख | 7,000/- | 2,000/- | पंजीकृत ठेकेदार/विक्रेता /अधिक्रत विक्रेता | अनुबंध दिनांक से 31 मार्च 2024 तक आवश्यकता अनुसार |

1. इच्छुक निविदाकर निविदा और अन्य दस्तावेजों को नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ) की वेबसाईड https://www.mpetenders.gov.in में Organisation Chain Directorate Urban Administration and Development//Muncipal Corporation- UAD //Muncipal Corporation-Muncipal Corporation-//Engineering(PWD)Deptt.-MC Chhindwara-UAD पर देख सकते है।
2. निविदा फार्म ऑन लाईन खरीदने की दिनांक 17.03.2023 समय 10.30 से दिनांक 31.03.2023 समय 17.30 तक है।
3. निविदा में संशोधन केवल वेबसाईट पर देख सकते है अखबारों में इसका प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

उपाआयुक्त ( वित्त )
नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा

## अमेजन.इन के साथ 19 मार्च तक कीजिए वर्ल्ड स्लीप डे सेल से शॉपिंग

**मुंबई, एजेंसी।** नींद हर किसी की सेहत और तंदुरूस्ती का एक जरूरी हिस्सा होती है। तो फिर चलिए, खुद को देते हैं गुणवत्तापूर्ण नींद और सेहतमंद दिमाग का तोहफा। अमेजन.इन इस वर्ल्ड स्लीप डे के मौके पर रोमांचक डील्स और शानदार ऑफर्स पेश कर रहा है। यह सेल 15 से 19 मार्च के बीच आयोजित की जा रही है। ग्राहक अमेजन.इन के इस वन-स्टॉप डेस्टिनेशन पर मैट्रेसेस, बेड्स, तकिए, बेडशीट और सोने के लिए जरूरी सभी जरूरी चीजों पर 75त्न तक की छूट का लाभ उठाते हुए अपने घर को एक खुशियों से भरी दुनिया में बदल सकते हैं। 50 से अधिक टॉप ब्रांडों पर 1000 से अधिक डील्स पाएं और इस वर्ल्ड स्लीप डे पर पाएं चैन की नींद। ग्राहक हर दिन की नींद से जुड़ी खरीदारी पर आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड और ईएमआई ऑफ़र की मदद से 10त्न तक का इंस्टेंट डिस्काउंट प्राप्त कर सकते हैं।

## भारतीय स्टार्टअप्स के लिए आईसीआईसीआई बैंक का स्टार्टअप इकोसिस्टम बैंकिंग का ऑफर

**मुंबई, एजेंसी।** आईसीआईसीआई बैंक ने आज घोषणा की कि वह स्टार्टअप्स की बैंकिंग संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजिटल और फिजिकल सॉल्यूशंस की एक पूरी रेंज प्रदान करता है। बैंक अपने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के माध्यम से इनोवेटिव सॉल्यूशंस प्रदान करता है। ये सभी सुविधाएं गुजरात स्थित उभरते वैश्विक वित्तीय और आईटी सेवा केंद्र गिफ्ट सिटी में स्थित शाखा में भी प्रदान की जाती हैं। बैंक का स्टार्टअप इकोसिस्टम बैंकिंग ऑफर ट्रेजरी और लेनदेन बैंकिंग समाधान, ऋण समाधान, डिजिटल एकीकरण, एफडीआई और नियामक अनुपालन संबंधी सेवाएं प्रदान करता है। साथ ही यह कर्मचारियों और संस्थापकों के लिए व्यक्तिगत बैंकिंग सेवाएं भी उपलब्ध कराता है। आईसीआईसीआई बैंक अपने घरेलू नेटवर्क और न्यूयॉर्क, टोरंटो, लंदन, दुबई, सिंगापुर और हांगकांग में अंतरराष्ट्रीय मौजूदगी के माध्यम से कॉम्प्रिहेंसिव सॉल्यूशंस प्रदान करता है। गिफ्ट सिटी में बैंक की उपस्थिति से इकोसिस्टम बैंकिंग को और विस्तार मिला है।

## एएसजी आई हॉस्पिटल्स ने वासन आई केयर के साथ एकीकरण की प्रक्रिया शुरू की

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में नेत्र देखभाल अस्पतालों की अग्रणी श्रृंखला और व्यापक नेत्र चिकित्सा सेवाओं के प्रदाता, एएसजी आई हॉस्पिटल्स ने वासन आई केयर का परिचालन नियंत्रण अपने हाथों में लेने की घोषणा है। एएसजी आई हॉस्पिटल्स ने सभी औपचारिकताएं पूरी करने और स्वामित्व के हस्तांतरण के बाद यह अगला कदम उठाया है। 526 करोड़ रुपये की बोली राशि के साथ अधिग्रहण के लिए 3 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय कंपनी अधिनियम न्यायाधिकरण की चेन्नई बेंच द्वारा दिए गए अनुमोदन के बाद 98 प्रतिशत मतों के साथ क्रेडिटर्स कमिटी ने संकल्प योजना को मंजूरी दी। सभी को गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए भारत में नए बाज़ारों में विस्तार करने के लिए एएसजी आई हॉस्पिटल्स प्रतिबद्ध है।

## रॉयल स्टैग बैरेल सलेक्ट लार्ज शॉर्ट फिल्म्स ने पेश किया आउच 2

**मुंबई, एजेंसी।** रॉयल स्टैग बैरेल सलेक्ट लार्ज शॉर्ट फिल्म्स ने फ्राइडे स्टोरीटैलर्स के साथ गठबंधन में अपनी लेटेस्ट शॉर्ट फिल्म, आउच2 रिलीज़ की। वैभव मूथा द्वारा लिखित और निर्देशित और शीतल भाटिया द्वारा निर्मित 15 मिनट की यह शॉर्ट फिल्म एक बदचलन, सुदीप (शर्मन जोशी अभिनीत) का पर्दाफाश एक मजेदार संयोग द्वारा करती है। निधि बिश्त, जो उसकी पत्नी दीपू का किरदार निभा रही है, और शैफाली ज़रीवाला, जो उसकी गर्लफ्रेंड तान्या के किरदार में है, अभिनीत यह फिल्म खूबसूरत और मजेदार तरीके से दिखाती है कि एक आम विवाहेतर संबंध का अंत कैसे होता है। मुंबई में देर रात की पृष्ठभूमि में फिल्माई गई शॉर्ट फिल्म, आउच 2 एक समय दो लोगों के साथ संबंध रखने के बारे में चेतावनी देती है। फिल्म की शुरुआत सुदीप और तान्या के बीच प्रेमालाप के साथ होती है। सुदीप तान्या को उसके घर तक छोड़ने आया है।

## एचडीएफसी बैंक और फ्लिपकार्ट होलसेल ने को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया

**मुंबई/बैंगलुरू, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े प्राईवेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और विशाल ऑफलाईन एवं ऑनलाईन पहुँच के साथ ऑम्नीचैनल बी2बी प्लेटफॉर्म तथा भारत में विकसित, फ्लिपकार्ट समूह ने आज उद्योग का प्रथम को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। यह क्रेडिट कार्ड केवल फ्लिपकार्ट होलसेल सदस्यों के लिए है। यह क्रेडिट कार्ड डाइनर्स क्लब इंटरनेशनल नेटवर्क पर चलेगा, जो डिस्कवर ग्लोबल नेटवर्क का हिस्सा है। इसका उपयोग विश्व में 200 से ज्यादा देशों में किया जा सकता है, जहाँ डाइनर्स क्लब कार्ड स्वीकार किए जाते हैं। इस गठबंधन के अंतर्गत फ्लिपकार्ट होलसेल के रजिस्टर्ड सदस्यों को फ्लिपकार्ट होलसेल ऑनलाईन खर्चों पर उद्योग का प्रथम ऑफर, यानि 5 प्रतिशत का कैशबैक मिलेगा। दूसरे फायदों में 1,500 रु. मूल्य का एक्टिवेशन कैशबैक, जीरो ज्वाईनिंग शुल्क, तथा यूटिलिटी बिल्स एवं अन्य खर्चों पर अतिरिक्त कैशबैक शामिल है।

## राजीव चन्द्रशेखर ने भारत में ट्रूकॉलर के सबसे बड़े कार्यालय का उद्घाटन किया

**बैंगलुरू , एजेंसी।** ग्लोबल कम्युनिकेशन एवं कॉलर आईडी प्लेटफॉर्म ट्रूकॉलर ने आज स्वीडन के बाहर अपने पहले विशेष ऑफिस की ओपनिंग की घोषणा की। कंपनी का यह नया कार्यालय भारत के दक्षिणी शहर बैंगलुरू में खोला गया है। इस कार्यालय का उद्घाटन भारत सरकार में कौशल विकास एवं उद्यमिता तथा इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्यौगिकी मंत्री श्री राजीव चन्द्रशेखर ने वर्चुअल रूप से किया। बैंगलुरू में नया कार्यालय खोला जाना भारत में ट्रूकॉलर की यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है। ट्रूकॉलर ने एक दशक पहले भारत में अपनी शुरूआत की और आज इसके 338 मिलियन मासिक एक्टिव यूज़र हैं, जिसमें से तकरीबन 246 मिलियनयूज़र भारत से हैं।

## यूरोपियन ऑलिव्स ने अपनी शानदार सुगंध से भारतीय शेफ्स को मंत्रमुग्ध किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली में प्रगति मैदान में आहार मेला (इंटरनैशनल फ़ूड ऐंड हॉस्पिटैलिटी फेयर) यानी अंतरराष्ट्रीय खाद्य एवं आतिथ्य मेले में आने पर जो पहली चीज आपको आकर्षित करती है, वह है मसालों और सीजनिंग की सुगंध जिसे स्वादिष्ट व्यंजनों में बड़ी खूबी के साथ मिलाया गया है। और इस शानदार पाक-कला आयोजन में स्पेन के ऑलिव्स के साथ यूरोप आपकी मेज पर (यूरोप ऐट योर टेबल विद ऑलिव्स फ्रॉम स्पेन) अभियान के तहत यूरोपियन ऑलिव्स मौजूद रहेगा (बूट जी4, 18सी)। 14 से 18 मार्च तक, भूमध्यसागरीय आहार (मेडिटेरेरियन डाइट) का प्रतीक, यह असाधारण खाद्य सुगन्धित भारतीय व्यंजनों को बेहतर बनाने की अपनी क्षमता के साथ विक्रेताओं, आयातकों, कैटरिंग और रेस्त्राँ प्रोफेशनल्स, शेफ्स और खाद्य क्षेत्र के संघों को प्रभावित करेगा।

## सोनी टीवी के मास्टरशेफ इंडिया में, ठेचा क्वीन सुवर्णा बागुल मुंबई की लाइफलाइन डब्बावालों को परोसेंगी एक संपूर्ण महाराष्ट्रीयन थाली!

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनीलिव के कुकिंग रियलिटी शो मास्टरशेफ इंडिया में दर्शकों को एक दिलचस्प चैलेंज देखने को मिलेगा, जिसमें होम कुक्स मुंबई की लाइफलाइन कहे जाने वाले डब्बावालों के लिए थाली तैयार करेंगे। जजेस एवं शेफ्स - विकास खन्ना, गरिमा अरोड़ा और रणवीर बरार के साथ जजों के पैनल में जाने-माने शेफ प्रतीक साधू भी शामिल होंगे, जो यह सुनिश्चित करेंगे कि टॉप 6 होम कुक्स बेहतरीन व्यंजन पेश करें! हमारी महाराष्ट्रीयन ठेचा क्वीन सुवर्णा बागुल मास्टरशेफ किचन में पहली बार एक कैप्टन के रूप में अपनी टीम का नेतृत्व करती नजर आएंगी, जिनकी टीम के प्रमुख सदस्यों में सचिन खटवानी और सांता सरमाह शामिल होंगे।

# मार्केट बंद होने के बाद टीसीएस से आई बड़ी खबर, कंपनी से सीईओ ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस के सीईओ और एमडी राजेश गोपीनाथन ने इस्तीफा दे दिया है। वह दो दशक से भी अधिक समय से टीसीएस से जुड़े थे। टीसीएस के बोर्ड ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। गोपीनाथन 15 सितंबर तक अपने पद पर बने रहेंगे।

नई दिल्ली, देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस में बाजार बंद होने के बाद एक चौंकाने वाला घटनाक्रम सामने आया है। कंपनी के सीईओ और एमडी राजेश गोपीनाथन ने इस्तीफा दे दिया है। वह टीसीएस से 22 साल से जुड़े थे। टीसीएस के बोर्ड ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। बोर्ड ने उनकी जगह के कृतिवासन को सीईओ डेजिगनेट किया है। गोपीनाथन 15 सितंबर तक अपने पद पर बने रहेंगे। टीसीएस टाटा ग्रुप की आईटी कंपनी है और मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद देश की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी है। कृतिवासन अभी टीसीएस में बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस बिजनस ग्रुप के प्रेसिडेंट और ग्लोबल हेड हैं।



टीसीएस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने एक बयान में कहा कि वह पिछले 25 साल से राजेश के साथ जुड़े हैं। इस दौरान राजेश ने हमेशा हर भूमिका में शानदार काम किया। उन्होंने टीसीएस में चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर की भूमिका भी बखूबी निभाई। पिछले छह साल के दौरान उन्हें एमडी और सीईओ को मजबूत लीडरशिप दी है और कंपनी के अगले फेज के ग्रोथ के लिए मजबूत नींव रखी है। मैं उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। राजेश गोपीनाथन ने कहा, %मैंने टीसीएस में अपने 22 साल के कार्यकाल में अपने काम का लुत्फ उठाया। चंद्रा के साथ काम करने में बहुत मजा आया। इस दौरान उन्होंने मेरा मार्गदर्शन किया। छह साल तक इस अहम कंपनी को लीड करना शानदार अनुभव रहा। 52 साल के गोपीनाथन फरवरी 2017 में टीसीएस के सीईओ बनाए गए थे। उससे पहले चंद्रशेखरन इस पद पर थे। उन्हें टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा सन्स का चेयरमैन बनाया गया था।

### कौन है कृतिवासन

टीसीएस ने कृतिवासन को तत्काल प्रभाव से सीईओ मनोनीत किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसके बोर्ड ने कृतिवासन को सीईओ मनोनीत किया है। उनकी नियुक्ति 16 मार्च, 2023 से प्रभावी होगी। वह शीर्ष पद पर सुचारू बदलाव को लेकर राजेश गोपीनाथन के साथ काम करेंगे और अगले वित्त वर्ष में उन्हें एमडी और सीईओ पद पर नियुक्त किया जाएगा। वह 1989 में कंपनी से जुड़े थे और 34 साल से भी अधिक समय से ग्लोबल टेक्नोलॉजी सेक्टर का हिस्सा हैं। वह कंपनी में डिलीवरी, कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट, लार्ज प्रोग्राम मैनेजमेंट और सेल्स में कई पदों पर काम कर चुके हैं। गुरुवार को शेयर मार्केट में तेजी आई लेकिन टीसीएस का शेयर 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,184.75 रुपये पर बंद हुआ।

### एक हफ्ते में दूसरा घटनाक्रम

यह देश के आईटी सेक्टर में एक हफ्ते से भी कम समय में दूसरा बड़ा घटनाक्रम है। इससे पहले पिछले शनिवार को इन्फोसिस के प्रेजिडेंट मोहित जोशी ने इस्तीफा दे दिया था। उन्हें टेक महिंद्रा में एमडी और सीईओ बनाया गया है। जोशी इन्फोसिस में ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज एंड हेल्थकेयर तथा सॉफ्यवेयर बिजनस के हेड थे। मोहित सीपी गुरनानी की जगह लेंगे जो 19 दिसंबर को रिटायर होंगे। गुरनानी 2004 में टेक महिंद्रा से जुड़े थे। उन्हें जून 2009 में एमडी और सीईओ बनाया गया था।

# 2 हफ्ते में ढह गए 3 अमेरिकी बैंक, भारतीय बैंकों में कितना सुरक्षित है आपका पैसा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी बैंकिंग सिस्टम इस समय बड़ी त्रासदी झेल रहे हैं. 2 हफ्ते के अंदर ही अमेरिका में 3 दिग्गज बैंक फेल हो चुके हैं. एसवीबी फाइनेंशियल और सिल्वरगेट कैपिटल के बाद अब सिग्नेचर बैंक को भी न्यूयॉर्क स्टेट फाइनेंशियल रेगुलेटर्स ने बंद कर दिया है. हालांकि फेडरल रिजर्व ने एसवीबी और सिग्नेचर्स बैंक के डिपॉजिटर्स को आश्वासन दिया है कि उनका डिपॉजिट बिल्कुल सुरक्षित है. फेड ने कहा कि दोनों बैंक के डिपॉजिटर्स अपने पैसों को निकाल सकेंगे।



पिछले कुछ सालों में वित्तीय गड़बड़ियों के चलते भारत के कई बैंकों की हालत खराब हो गई थी और नौबत यहां तक आ गई थी कि रिजर्व बैंक ने पैसों लेनदेन पर रोक लगा दी थी. इन घटनाओं के कारण कई लोगों के मन में यह सवाल आता है कि अगर बैंक डूब जाए तो उनके पैसों का क्या होगा?

**5 लाख तक की गारंटी देती है सरकार-** बैंक डूबने या दिवालिया होने पर जमाकर्ता के पास एकमात्र राहत डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन यानी डीआईसीजीसी द्वारा दिया जाने वाला इंश्योरेंस कवर होता है। अब डीआईसीजीसी के तहत इंश्योरेंस कवर 1 लाख रुपये से 5 लाख रुपये तक बढ़ाया गया है. आसान भाषा में समझें तो जिस बैंक के अकाउंट में आपके पैसे जमा है और वह डूब जाता है तो 5 लाख रुपये की रकम आपको वापस मिलेगी, भले ही अकाउंट में जमा रकम 5 लाख से ज्यादा क्यों ना हो।

**डिपॉजिट इंश्योरेंस कैसे काम करता है?-** डीआईसीजीसी कवर सभी बैंकों के लिए उपलब्ध है. हालांकि उन्हें इस सुविधा के लिए रजिस्ट्रेशन करना होता है और इंश्योरेंस प्रीमियम का भुगतान करना होगा. डीआईसीजीसी के गाइडलाइंस के मुताबिक, बैंक के लाइसेंस रद्द की तारीख या मर्जर या पुनर्निर्माण के दिन बैंक में प्रत्येक जमाकर्ता को उसके पास मूलधन और ब्याज की राशि के लिए अधिकतम 5 लाख रुपये तक का बीमा किया जाता है. इसका मतलब यह है कि एक ही बैंक में आपके सभी अकाउंट्स को मिलाकर कितना ही पैसा जमा क्यों न हो, आपको केवल 5 लाख रुपये का इंश्योरेंस कवर मिलेगा. इस राशि में मूलधन और ब्याज की राशि दोनों शामिल हैं. बैंक के विफल होने पर अगर आपकी मूल राशि 5 लाख रुपये है, तो आपको केवल यह राशि वापस मिलेगी और ब्याज नहीं।

**इन अकाउंट्स पर मिलते हैं डीआईसीजीसी इंश्योरेंस कवर-** डीआईसीजीसी द्वारा दिया जाने वाला बीमा कवर सेविंग अकाउंट्स, एफडी, करंट अकाउंट्स, आरडी आजि जैसे डिपॉजिट पर काम करता है. डीआईसीजीसी की डिपॉजिट इंश्योरेंस एलएबी, पीबी, एसएफबी, आरआरबी और सहकारी बैंकों सहित सभी बीमाकृत कामर्शियल बैंकों को कवर करता है. अगर आपका पैसा किसी बैंक में जमा है, तो आप नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक कर चेक कर सकते हैं कि यह डिपॉजिट इंश्योरेंस के लिए पंजीकृत है या नहीं।

## हिमालया रोज़ फेस वॉश ने आरसीबी के साथ गठबंधन में वीमेन आईपीएल के लॉन्च के साथ इंक्लुज़न का संदेश दिया

**मुंबई, एजेंसी।** अग्रणी वैलनेस ब्रांड, हिमालया वैलनेस कंपनी ने अपना लेटेस्ट उत्पाद, हिमालया नैचुरल ग्लो रोज़ फेस वॉश लॉन्च किया है। यह लॉन्च वीमेंस आईपीएलमें रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टीम के सहयोग से चलाए गए नॉट फेयर कैम्पेन के साथ किया गया। मैच के पहले दो दिन आरसीबी खिलाड़ी नॉट फेयर हेडगियर पहने हुए दिखाई दिए, जिससे दर्शक उत्सुक हो गए। इसके बाद हेडगियर पर एक संदेश - ''हिमालया रोज़ इज नाट एक्यूअल टू कलर'' लिखा दिखाई दिया। इस संदेश ने हर रंग और हर चेहरे को स्वीकार करने की बहस छेड़ दी।

# नेक्सॉन ईवी ने एक इलेक्ट्रिक वाहन द्वारा 'सबसे तेज' के2के ड्राइव के लिये इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपनी जगह बनाई



**मुंबई, एजेंसी।** टाटा मोटर्स, भारत की अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माता और भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास में सबसे आगे रहने वाली, ने यह घोषणा की है कि भारत की सबसे ज्यादा भरोसेमंद और सबसे ज्यादा चलने वाली नेक्सॉन ईवी ने एक इलेक्ट्रिक वाहन द्वारा कश्मीर से कन्याकुमारी तक की 'सबसे तेज' ड्राइव करके इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में सफलतापूर्वक अपनी जगह बनाई है। भारत के नंबर वन इलेक्ट्रिक वाहन नेक्सॉन ईवी ने सिर्फ 95 घंटे और 46 मिनट (4 दिन) में 4003 किलोमीटर की ड्राइव पूरी की है और मल्टी-सिटी ट्रिप्स के लिये अपनी क्षमता को सफलतापूर्वक साबित किया है। इसके अलावा, यह नॉन-स्टॉप ड्राइव भारत के राजमार्गों पर मौजूद पब्लिक चार्जिंग के विस्तृत और बेहतरीन नेटवर्क के कारण भी संभव हो सकी। पूरी यात्रा में फास्ट चार्जिंग के लिये केवल 21 स्टॉप्स पर कुल 28 घंटे खर्च करने के साथ नेक्सॉन ईवी ने न सिर्फ पूरी यात्रा में समय बचाया, बल्कि आईसीई वाहन की तुलना में उल्लेखनीय ढंग से खर्च भी बचाया। यात्रा के दौरान, नेक्सॉन ईवी को एक आम कार की तरह चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों और मौसम की कठिन स्थितियों में चलाया गया और इसने 300+ किलोमीटर की औसत रियल-वर्ल्ड रेंज प्रदान की। इस खूबसूरत सफर का मजा कंपनी की लीडरशिप टीम ने भी लिया।

# गोदरेज के डार्क एडिशन के रेफ्रिजरेटर्स किचेन के इंटेरियर्स में लगाएंगे चार चांद



**मुंबई, एजेंसी।** गोदरेज अप्लायंसेज ने मैट ब्लैक, ग्लास ब्लैक, ओनिक्स ब्लैक, आइस ब्लैक और फॉसिल स्टील जैसे रंगों में 19 एसकेयू वाले डार्क एडिशन रेफ्रिजरेटर्स की अपनी रेंज पेश की। खूबसूरत डिजाइन फीचर्स और बोल्ड डार्क-कलर्ड एक्सटीरियर्स वाली इस रेंज का क्लासिक प्रीमियम फिनिश, आधुनिक किचेन को परिष्कृत आकर्षण प्रदान करता है। इसके इंटेरियर्स को भी ध्यानपूर्वक डिजाइन किया गया है ताकि इसके भीतर की जगह को सर्वोत्तम उपयोग लायक बनाया जा सके। यह रेंज उन्नत कूलिंग तकनीकों से सुसज्जित है। इसका आकर्षक काला रंग कमरे को आधुनिक रूप देता है और इसे खरीदारों के लिए नया कूल माना जा रहा है।

# वर्ल्ड स्लीप डे के अवसर पर पीएंडजी ने भारतीयों को बेहतर नींद प्रदान करने के लिए वर्ल्ड स्लीप सोसायटी के साथ गठबंधन किया

नई दिल्ली, एजेंसी। क्या किसी-किसी रात आपको नींद आने में दिक्कत होती है? या उठने के बाद भी आप थका हुआ महसूस करते हैं, या अलार्म बजने से पहले ही उठ जाते हैं? या रात में बार-बार उठते हैं? यदि हाँ, तो आपको कभी-कभी नींद न आने की शिकायत हो सकती है।

साहिल सेठी, सीनियर मार्केटिंग डायरेक्टर एवं कैटेगरी लीडर, हैल्थकेयर, पीएंडजी इंडिया ने कहा, ''आप अकेले नहीं हैं। कांतर और पीएंडजी द्वारा किए गए जेडजेडजेड क्वाइल इंडिया नेशनल स्लीप सर्वे के अनुसार लगभग 85 प्रतिशत भारतीय पूरी नींद नहीं ले पाते हैं, और 60 प्रतिशत को कभी-कभी नींद न आने की शिकायत होती है। उन्होंने कहा, ''स्लीप हैल्थ में वर्ल्ड लीडर और वर्ल्ड स्लीप डे 2023 में गौरवशाली साझेदार के रूप में पीएंडजी अपने अभियान के साथ भारतीयों को बेहतर नींद प्रदान करने के मिशन पर है। उपभोक्ताओं, कंटेंट क्रिएटर्स, मीडिया हाउस, फार्मेसिस्ट्स एवं संगठनों के साथ गठबंधन में हमारे इस अभियान का उद्देश्य नींद की समस्याओं, नींद की अच्छी आदतों और कभी-कभी नींद न आने की समस्याओं के बारे में जागरुकता बढ़ाना है, और आप सबसे अच्छी सेहत बनाकर रख सकें।'' नींद स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है और पोषण एवं शरीर की स्वस्थ गतिविधि बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्ल्ड स्लीप सोसायटी के अनुसार, ''स्वस्थ नींद का मतलब नींद की एक सामान्य अवधि से बढ़कर है।'' अच्छी नींद के तीन तत्व होते हैं - (1) अवधिः नींद उतने समय तक लेनी जरूरी है, जिससे शरीर को पर्याप्त आराम मिले और यह अगले दिन पूरी तरह से तरोताजा हो। (2) निरंतरताः नींद बीच-बीच में टूटे न और पूरी अवधि में गहरी नींद बनी रहे। (3) गहराईः नींद गहरी होनी चाहिए ताकि शरीर पूरी तरह से तरोताजा हो सके। भारतीय उपभोक्ताओं के बीच पहुँचने के 360 डिग्री अभियान के तहत पीएंडजी ने लोकप्रिय संगीतकार और इंटरनेट कलाकार यशराज मुखाते के साथ सहयोग किया है और 'आपका दिन धिनक दिन' की टैगलाईन के साथ एक दिलचस्प स्लीप एंथेम बनाया है।

## टांसलूसिया ने अपनी तरह का पहला मल्टीवर्स कनवर्जेंस सॉल्यूशन पेश किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमक्य ूडीसी और टीएंडबीमीडिया ग्लोबल के स युंक्त उपक्रम टांसलूसिया ने अपनी प्रोप्राइटरी लाइटलिंक प्रोटोकॉल 1/4 लाइटलिंक 1/2 के जरिये अपनी तरह का पहला मल्टीवर्स कनवर्जेंस सॉल्य ूशन लांच किया है। थाइलैंड की सबसे विख्यात रीयल एस्ट`ट एवं मनोर`जन कंपनियो` के संयुक्त उपक्रम ट ांसलूसिया ने तीन अरब डॉलर मूल्य की एक वर्चुअल दुनिया का निर्माण करने के लिए म`टावर्स घटकों के साथ एक समग्र पारितंत्र के निर्माण का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में टांसलूसिया भारत में इमर्सिव एवं एक्सट`डेड रीयल्टी की विशेषज्ञ क`पनी सुनोवाटेक इंडिया के साथ साझीदारी में मौज ूद है। इस साझीदारी के तहत सुनोवाट`क 3डी परिसंपत्तियों, पर्यावरण एवं मेटावर्स के मॉड्य ूल्स के निर्माण के लिए एक उत्पादन केंद, के तौर पर काम कर रही है। लाइटलिंक विश्व का पहला एंटरप्राइस लेयर-2 1/4एल21/2 ब्लॉकच ने है जिसका निर्माण पारंपरिक व्यवसायों का वेब3 में त`ज़ी से प्रवेश करान` के लिए किया गया है। विभिन्न थर्ड पार्टी मेटावर्सेस में अंततः प्रवेश की पहुंच सस्ता और सुगम बनाने की पेशकश कर लाइटलिंक व्यवसायों को वेब3 म` जाने में समर्थ बनाता है। लाइटलिंक के जरिये विभिन्न कंपनियों द्वारा निर्मि त मेटावर्सेस एक दूसरे से जुड़ ने और कार्यो को एकीकृत करने में समर्थ होंगे।

# ओप्पो ने भारत में फाईंड एन 2 फ्लिप लॉन्च किया

## फोल्डेबल फोन में नया मानक स्थापित किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अग्रणी ग्लोबल स्मार्ट डिवाईसेज़ ब्रांड, ओप्पो ने भारत में 89,999 रु. में अपने फ्लैगशिप फाईंड एन2 फ्लिप फोन का लॉन्च करने की घोषणा की है। यह फ्लिपफोन 17 मार्च, रात्रि 12 बजे से ओप्पो स्टोर्स, फ्लिपकार्ट, और मेनलाईन रिटेल आउटलेट्स पर मिलना शुरू हो जाएगा। कैशबैक और छूट के साथ ग्राहक यह केवल 79,999 रु. में प्राप्त कर सकेंगे।



इस डिवाईस के बारे में दमयंत सिंह खनोरिया, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, ओप्पो इंडिया ने कहा, ''हमें उद्देश्यपरक आधुनिकताएं पेश करने की ओप्पो की विरासत पर गर्व है। हम अपने लेटेस्ट इनोवेशन, फाईंड एन2 फ्लिप का लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं। इस स्लीक डिवाईस में विशाल वर्टिकल कवर स्क्रीन, एक अदृश्य क्रीज़, शक्तिशाली कैमरा, और सर्वश्रेष्ठ बैटरी है, इसलिए यह स्टाईल, फंक्शनलिटी एवं टिकाऊपन के लिए उत्तम है। हमें विश्वास है कि यह फ्लिप स्मार्टफोन फोल्डेबल स्मार्टफोन की श्रेणी में न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व में एक नई क्रांति ले आएगा।''

ओप्पो का पहला फ्लिप फोन अपने ऑल-न्यू फ्लेक्ज़ियोन हिंज डिज़ाईन के साथ इस श्रेणी में एक नया मानक स्थापित कर देगा। इसमें एक वाटर ड्रॉप फोल्ड का निर्माण होता है, जिसके कारण किसी भी फोल्डेबल स्मार्टफोन के मुकाबले इसके मुख्य डिस्प्ले पर काफी हल्की और पतली क्रीज़ बनती है। यह क्रीज़ ज्यादातर रोशनी की स्थितियों में अदृश्य रहती है, जिससे फ्लैट-स्क्रीन का अतुलनीय अनुभव प्राप्त होता है। इस सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के हिंज में टिकाऊपन से भी कोई समझौता नहीं किया गया है; ओप्पो फाईंड एन2 फ्लिप थर्ड पार्टी टीयूवी रीनलैंड द्वारा सर्टिफाईड है। यह 400,000बार फोल्ड और अनफोल्ड सहन कर सकता है, यानि आप दस सालों तक इस फ्लिपफोन को रोज 100 बार खोल और बंद कर सकते हैं।

इस स्मार्टफोन को माईनस 20 डिग्री सेल्सियस से लेकर 50 डिग्री सेल्सियस के बीच 95 प्रतिशत ह्यूमिडिटी के साथ बहुत ही कठिन परिस्थितियों में 100,000 से ज्यादा बार फोल्ड और अनफोल्ड करने के लिए जाँचा गया है।

# भारत को मिले ऑस्कर से इंदौर का सीना भी गर्व से चौड़ा!

**इंदौर।** इस बार भारत को मिले ऑस्कर अवॉर्ड से मध्य प्रदेश और खासकर इंदौर भी गौरवान्वित और रोमांचित है। क्योंकि, ऑस्कर में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म की श्रेणी में बाजी मारने वाली 'द एलिफेंट व्हिस्पर्स' के साथ इंदौर निवासी और युवा सिनेमेटोग्राफर आनंद बंसल का नाम जुड़ा है उन्होंने अपने प्रकृति प्रेमी परिवार के प्रकृति प्रेम को कैमरे में कैद कर 'द एलिफेंट व्हिसपर्स' को दर्शनीय बनाया है। 39 मिनिट का यह वृत्त चित्र मुदुमलाई नेशनल पार्क में फिल्माया गया जो हाथी के एक अनाथ बच्चे रघु की देखभाल में अपना जीवन समर्पित करने वाली दम्पत्ति बोम्मन और बेली की दिल को छूने वाली कहानी कहता है।

आनंद बंसल के लिए यह फिल्म इसलिए भी खास है कि उनके करियर में योगदान देने वाले उनके ताऊजी और इंदौर के व्यवसायी महेश बंसल स्वयं प्रकृति प्रेमी है। उन्होने अपने घर को एक प्राकृतिक स्थल बना रखा है और पेड़ पौधों की देखभाल और संरक्षण के प्रति उनके समर्पण से पूरा परिवार प्रभावित है। आनंद को भी यही प्रकृति प्रेम 'द एलिफेंट व्हिस्पर्स' के फिल्मांकन में काम आया। उन्हें इसके लिए फिल्मांकन करना ऐसा ही लगा जैसे वे अपने परिवार की परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए प्रकृति को अपने कैमरे में फ्रेम दर फ्रेम कैद कर रहे हैं।



आनंद के लिए 'द एलिफेंट व्हिस्पर्स' का ऑस्कर जीतना किसी रोमांच से कम नहीं है। इस प्रोजेक्ट की योजना कोई पांच साल पहले तैयार हुई थी। उसी दौरान एक मित्र के माध्यम से आनंद और फिल्म की निर्देशिका कार्तिकी की मुलाकात हुई। दोनों साथ बैठे और बात करते करते इस फिल्म की योजना बना बैठे।

'द एलिफेंट व्हिसपर्स' के फिल्मांकन के दिनों की याद करते हुए आनंद बताते हैं कि उनके लिए यह समझना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण था कि हाथी या किसी भी जानवर के सामने किस तरह से व्यवहार किया जाना चाहिए। फिल्म का हाथी बहुत छोटा था ,वह बच्चों की तरह हरकतें भी करता था। इसलिए उनके साथ उसी तरह व्यवहार करने के साथ साथ इस बात का खास ध्यान रखा गया कि शूटिंग के दौरान वह सहज रहे और उन्हें किसी तरह की तकलीफ न हो। यह अनुभव उनके लिए बहुत शिक्षात्मक रहा। वह मानते हैं यह अनुभव आगे उन्हें एक परिपक्व सिनेमेटोग्राफर बनने में भी बहुत मदद करेगा।

26 वर्षीय आनंद को कैमरे से परिचय सबसे पहले उनके स्व पिता ने कराया, जिन्हें फोटोग्राफी से बेइंतहा प्यार था। कम उम्र में अपने पिता से विछोह के बावजूद उनकी विरासत, फोटोग्राफी के शौक और गुण को मन में बसा कर वे बचपन से ही फोटोग्राफी के लिए तैयारियां करने लगे। इस काम में उनके ताऊजी-ताईजी ने न केवल उनका उत्साहवर्धन किया, बल्कि दुनिया के बेहतरीन कैमरे उन्हें लाकर दिए और डेली कॉलेज की पढाई के बाद मुंबई स्थित व्हिसलिंग वुड्स फिल्म स्कूल में सिनेमेटोग्राफी का कोर्स भी करवाया।

आनंद ने 'द एलिफेंट व्हिसपर्स' से पहले 'द रूम विद नो विंडो' का फिल्मांकन भी किया। इस फिल्म को जॉर्जिया की राजधानी थीबिलिस में हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में विशेष पुरस्कार भी मिला। इस समय आनंद फिल्मकार अचल मिश्रा की फिल्म पर काम कर रहे हैं। इससे पहले वे उनकी दो फिल्मों 'गमक घर' और 'धुईन' पर काम कर अपनी पहचान बना चुके हैं।

# ग्रेट प्लेस टू वर्क संस्थान ने ग्रेसिम के डॉमेस्टिक टेक्सटाइल व्यवसाय को किया ग्रेट वर्कप्लेस के तौर पर प्रमाणित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ग्रेट प्लेस टू वर्क संस्थान, (एक वैश्विक प्रबंधन शोध एवं परामर्शदाता फर्म, जो कि किसी संस्थान में कार्य संस्कृति को पहचान देकर बेहतर कार्यस्थल के निर्माण हेतु संस्थानों को सक्षम करने के लिए प्रतिबद्ध है) ने सफलतापूर्वक ग्रेसिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के घरेलू टैक्सटाइल व्यवसाय की मूल्यांकन प्रक्रिया को पूर्ण किया। इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप ग्रेसिम के तीन घरेलू टैक्सटाइल व्यवसायों को ग्रेट वर्कप्लेस (सर्वोत्तम कार्यस्थल) के रूप में प्रमाणिकता प्रदान की है। इन तीन नामों में शामिल हैं- जया श्री टेक्सटाइल, विक्रम वुलन्स एवं ग्रेसिम प्रीमियम फैब्रिक।

ग्रेसिम इंडस्ट्रीज, डॉमेस्टिक टेक्सटाइल के सीईओ श्री सत्यकी घोष ने कहा- यह हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। मैं प्रत्येक टीम लीडर एवं हमारी टीम के हर एक सदस्य को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ जिन्होंने इसे साकार कर दिखाया है। ग्रेसिम, एबीजी डॉमेस्टिक टेक्सटाइल के लिए समर्पित इस प्रामाणिकता की सबसे अनूठी विशेषता यह है कि हमारे मामले में इसमें विशेषरूप से हमारे कार्यस्थल के सहयोगी महिला/ पुरुषों की राय भी शामिल की गई है। यह प्रामाणिकता हमारे डोमेस्टिक टेक्सटाइल परिवार के प्रत्येक सदस्य के व्यवहार और कार्य द्वारा रचित कार्यसंस्कृति की साक्षी है। हमें ग्रेसिम व आदित्य बिरला समूह, डॉमेस्टिक टैक्सटाइल्स का हिस्सा होने पर गर्व है और हम इस सम्मान के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट का आभार व्यक्त करते हैं। ग्रेट प्लेस टू वर्क (जीपीटीडब्ल्यू) एक वैश्विक प्रबंधन शोध एवं परामर्शदाता फर्म, जो कि किसी संस्थान में कार्य संस्कृति को पहचान देकर बेहतर कार्यस्थल के निर्माण हेतु संस्थानों को सक्षम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## हरिओम सोनी बने स्वर्णकार समाज सेवा समिति जिला अध्यक्ष



**छिंदवाड़ा ।** स्वर्णकार भवन छोटी बाजार छिंदवाड़ा में स्वर्णकार समाज सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें समाज के संरक्षक गणो की उपस्थिति में समाज के संरक्षक श्री नारायण प्रसाद सोनी जी की अध्यक्षता में बैठक प्रारंभ हुई इस बैठक में समिति के पूर्व अध्यक्ष श्री कृष्णगोपाल जी सोनी ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल का विवरण प्रस्तुत किया एवं समाज के आय एवं व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। समिति का कार्यकाल पूर्ण होने के फलस्वरूप नवीन समिति का गठन किया गया सर्व सम्मति से श्री हरिओम सोनी जी को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। श्री हरि ओम सोनी जी के नेतृत्व में समाज की समस्त सामाजिक गतिविधि का संचालन सभी सामाजिक बंधुओं के सहयोग से किया जायगा। जल्द ही समाज की समिति का गठन कर सामाजिक कार्यों को गति -प्रदान की जाएगी।

## दो पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी

**अमरवाड़ा ।** जनपद पंचायत सीईओ एमआर मेहरा ने लापरवाह पंचायत सचिवों पर बड़ी कार्यवाही की है। पंचायत में अनियमितताओं की शिकायत की जांच के बाद मानेगांव ग्राम पंचायत के तत्कालीन सचिव शरद परतेती और सुशील पांडे को लगभग डेढ़ लाख रुपए की रिकवरी के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अलावा समीपस्थ ग्राम पंचायत सकरवाडा के पंचायत सचिव और सहायक सचिव को कार्यों में लापरवाही बरतने सहित समय पर पंचायत भवन न खोलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इन सब को लेकर अन्य लापरवाह कर्मचारियों में भय सा नजर आ रहा है।

## रावनबाड़ा पुलिस ने अवैध कोयला से भरी हुई पिकअप पकड़ी

**परासिया ।** थाना रावनबाड़ा पुलिस ने15 मार्च को मुखबिर की सूचना पर रावनबाडा पुलिस ने रात्रि में



छिन्दा से ढाला मेंन रोड पर अवैध रूप से कोयले से भरी हुई कुल 80 नग बोरियों को पिक क्रमांक एमपी28जी 4254 में गांगीवाडा तरफ ले जाते हुए पकड़कर पिक अप वाहन और लगभग 1.5 टन कोयला को जब्त कर वाहन चालक आरोपी कमलेश विश्वकर्मा पिता भगवानदास विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी पेंच वैली परासिया एवं उसके साथी इकबाल खान निवासी रावनवाड़ा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 40/23 धारा 379,414 IPC, 3/4 लोक संपत्ति हानि निवारण अधिनियम एवं मध्य प्रदेश खनिज नियम 2022 का नियम 18(1) का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव त्रिपाठी, उपनिरीक्षक मुकेश डोंगरे, प्रधान आरक्षक सचिन श्रीवास्त्री आरक्षक 1030 सुमित नागले, आरक्षक 1032 अजय , आरक्षक भीम परते, भोला बारस्कर, की भूमिका रही।

## दिव्यांगजनों की आज 11 बजे से विशाल भव्य रैली

**परासिया ।** छिंदवाड़ा जिले में अब लंबे अरसे के बाद दिव्यांग एकता एवं कल्याण मंच द्वारा दिव्यांगजनों की विशाल रैली आयोजित की जा रही है। आज मंच की बैठक आयोजित कर रैली की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में मंच के प्रदेश सचिव अरविंद कुमार बाथव, अध्यक्ष शरद कुशवाहा, जिला सचिव अमित इंगले, सहसचिव दिनेश धुर्वे, दिव्यांग प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभिषेक बघेल, बालीवुड एक्टर व डांसर हबीब मंसूरी शामिल हुए। सचिव अमित ने बताया कि यह रैली 11 बजे शहर के हृदय स्थल मानसरोवर बस स्टैंड के पास स्थित पुलिस ग्राउंड से शुरू होगी जो फव्वारा चौक व पोला ग्राउंड होते हुए ई एल सी चौक नागपुर रोड तक पहुंचेगी। यहां संक्षिप्त सभा में मंच के पदाधिकारी संबोधन देंगे। उसके पश्चात कलेक्टर परिसर जाकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के नाम 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। रैली के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन हेतु खंडवा से मंच के प्रदेशाध्यक्ष आर.जी.सोनी व प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी आकर शामिल होंगे। गौरतलब है कि 16 सूत्रीय मांगों को लेकर राघौगढ़ से गुना तक दिव्यांग स्वाभिमान पैदल यात्रा जिसका आज 15 वां रोज है। उसका पूर्ण समर्थन करते हुए मंच की प्रदेश कार्यकारिणी ने प्रदेश में संचालित सभी 32 जिला शाखाओं को निर्देश जारी किए हैं कि दिव्यांगजनों की 16 सूत्रीय मांगों के समर्थन में आज के दिन जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किए जाऐं तथा कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जावे। प्रदेश कार्यालय से जारी निर्देश में समस्त जिलाध्यक्षों से अपील की गई है कि दिव्यांगजनों के प्रदेशव्यापी इस आंदोलन को सफल बनाकर सरकार को दिव्यांग एकजुटता वह ताकत का अहसास करा दें।

## मां कर्मा जयंती पर होंगे दो दिवसीय कार्यक्रम आज विशाल वाहन रैली

**छिंदवाड़ा ।** तैलिक वंश कुलमणि आराध्य देवी संत शिरोमणी मां कर्मा जी के जन्मोंत्सव के महापर्व पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला साहू समाज द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन अमूल्य सामाजिक सहयोग से निरंतर 48 वर्षो किया जा रहा है इस भव्य पुनीत कार्यक्रम में जिले से ही नही अपितु सम्पूर्ण राज्य व अन्य प्रदेश से भी सामाजिक बंधु इस महाकुंभ में भारी संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित कर सामाजिक एकता का सूत्रपात्र करते आ रहे है इसी तारतम्य में*विशाल वाहन रेली का आयोजन आज* स्थान पूजा लाज से आज प्रात: 10 बजे मां कर्मा व सामाजिक एकता के जयघोष के साथ ,मां कर्मा की सुंदर झांकी समाजिक गणमान्य मातृशक्ति युवा साथियों की बड़ी संख्या में दो पहिया चोपहिया वाहन की विशाल रैली बैंड बाजे डीजे के साथ श्रीगणेश किया जावेगा ,रैली शहर के मुख्य मार्ग सत्कार तिराहा , बस स्टेंड इंद्रा चौंक , फब्बारा , इतवारी बाजार , गोल गंज , बड़ी माता मंदिर, छोटा तालाब , ओवर ब्रिज केसरी नंदन मंदिर , चार फाटक , श्याम टाकीज , शनिचरा बाजार , गांधी गंज होते हुए रेलवे स्टेशन कात्यानी माता मंदिर से कार्यक्रम स्थल साहू समाज धर्मशाला भवन सिवनी रोड में रैली का आभार के साथ विश्राम किया जावेगा।

# 25 मार्च को छिंदवाड़ा आयेंगे गृहमंत्री अमित शाह

### केन्द्रीय मंत्री गिरीराज सिंह, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी.डी.शर्मा आयेंगे आम सभा मे एक लाख लोगों को जुटाने का लक्ष्य



**छिंदवाड़ा ।** देश के गृह मंत्री और भाजपा के दिग्गज अमित शाह की छिन्दवाड़ा में होने वाली आम सभा मे एक लाख लोगों को जुटाने का लक्ष्य है इसको लेकर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी छिन्दवाड़ा में है बुधवार को पुलिस मैदान में सभा की तैयारियों को लेकर भाजपा नेताओं ने बुधवार भूमिपूजन कर दिया है यहाँ मंच सहित सभी व्यवस्था एस पी जी मानक पर होंगी केंद्रीय गृह मंत्री की सुरक्षा में एस पी जी के 24 कमांडो तैनात रहते हैं ऐसे में मंच पर कौन स्थानीय नेता रहेगा यह भी संगठन पहले तय करेगा सभा 25 मार्च को होगी सभा मे जिले भर के लोग जुटेंगे जिला संगठन ने छिन्दवाड़ा सहित अमरवाड़ा, चौरई, सौसर, पांढुर्ना, परासिया,जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारियों को जवाबदारियां दे दी है केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे के पूर्व यहां केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, सीएम शिवराज सिंह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा के भी पहुचने की संभावना है जिला भाजपा को यह अब तक का सबसे बड़ा टास्क मिला है टास्क की सफलता पर छिन्दवाड़ा के भविष्य की राजनीत के मायने तय होंगे। निकाय और पंचायत चुनाव के बाद से छिन्दवाड़ा में अगले विधानसभा और लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के दिग्गजो की रणनीति पर कार्य चल रहा है लक्ष्य तय है कि पार्टी को छिन्दवाड़ा की लोक सभा सहित सातो विधानसभा सीट पर जीत चाहिए इसमे अब चुनाव से पहले स्थानीय नेताओं की परीक्षा की घड़ियां भी शुरू हो गई है भाजपा के जिला अध्यक्ष विवेक साहू बंटी ने कहा कि छिन्दवाड़ा भाजपा तैयारियों में लगी है पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में सभी तैयारियां चल रही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ के साथ पूरे छिन्दवाड़ा में उत्साह है।

**ये रहे उपस्थित**

छिन्दवाड़ा के पुलिस मैदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आम सभा को लेकर व्यवस्थागत तैयारियां शुरू हो गई है छिन्दवाड़ा में उनका मिनिट टू मिनिट कार्यक्रम तय किया जा रहा है मुख्य कार्यक्रम छिन्दवाड़ा की जनता से केंद्रीय गृह मंत्री के सवांद का है ऐसे में पूरी भाजपा आम सभा को व्यापक बनाने अपनी पूरी ताकत लगा रही है भूमिपूजन अवसर पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम महाजन, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू, जिला संगठन प्रभारी संतोष पारीक, लोकसभा विस्तारक अशोक यादव पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पोफली, नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, भाजपा नेता शिव मालवी, संतोष राय, अभिलाष गोहर, दिवाकर सदारंग, उदय पटेल, रंगू यादव, लोकेश डेहरिया, कृपाशंकर सूर्यवंशी, पंकज पाटनी, अमरसिंह मरावी, दिनेश मालवी, भरत घई, माइकल पहाड़े, जितेन्द्र राय, अंकित सोलंकी सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रशासन के लिए सिरदर्द बना मजदूरों का गिरोह

**छिंदवाड़ा ।** कलेक्ट्रेट परिसर में आज राशन और बोरी-बिस्तर लेकर कटनी के मजदूरों का एक दल आ गया।इन मजदूरों का आरोप था कि वन विभाग के द्वारा उन्हें मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है।जब तक उन्हें मजदूरी का भुगतान नहीं मिलता है,कलेक्ट्रेट परिसर से नहीं हटेंगे।मामला प्रशासन के संज्ञान में आते ही तहसीलदार अजय भूषण शुक्ला ने मजदूरों को मजदूरी दिलाने की कमान संभाली।उन्होंने तत्काल वन विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया।इस दौरान जिले के अन्य मजदूर भी आ गए।उन्होंने बताया कि कटनी के यह मजदूर सिर्फ 3 दिन ही काम किए हैं,लेकिन मजदूरी 30 दिन की मांग रहे हैं। कटनी के मजदूरों ने साढ़े 8 लाख रूपये का बकाया बिल होने की बात कही। लेकिन जब तहसीलदार ने सूझबूझ से उनके दस्तावेज मांगे तो काम के संबंध में कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो पाए। बताया जाता है कि मजदूरों का यह गिरोह हर साल ही जिले में ब्लैकमैलिंग का काम करता है। पिछले 3 सालों से यह गिरोह इसी तरह की हरकतें करके कलेक्ट्रेट पहुंच रहा था। जहां प्रशासन द्वारा इनकी मनमर्जी के मुताबिक इन्हें मजदूरी दिला दी जाती थी। लेकिन इस बार इस गिरोह का पर्दाफाश हो गया।वन विभाग के अधिकारी फिलहाल मजदूरों को जो उनकी मजदूरी बनी है,उन्हें देकर विदा करने की तैयारी में है।बता दे कि पिछले साल इस गिरोह के द्वारा दिनभर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना दिया गया था और शाम को यह मजदूर कलेक्टर बंगले में धरना देने पहुंच गए थे, मौके पर वन विभाग के अधिकारियों ने पहुंचकर उन्हें मनमर्जी के मुताबिक मजदूरी का भुगतान किया था। लेकिन इस बार इनके मंसूबे कामयाब नहीं हो पाए।

## रासेयो की महिला इकाई ने निकाली जागरूकता रैली



**छिंदवाड़ा ।** काम करो काम करो ,सुबह करो शाम करो ,गीत गुनगुनाते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना पी जी कॉलेज की महिला इकाई की स्वयं सेविकाओं ने हाथो में फावड़ा गैती घमला लिए अपने श्रमदान कार्य से ग्रामीणों का दिल जीत लिया। चंद मिनटों में स्वच्छता अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई की अवसर था शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा एनएसएस महिला इकाई का चल रहा सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन स्वयंसेविकाओ द्वारा महिला सशक्तिकरण के थीम पर जागरुकता रैली निकाली गई एवम श्रमदान किया एवं स्वयंसेविकाओं ने प्राथमिक शाला में जाकर बच्चों से बातचीत की तथा बौद्धिक सत्र में स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर एवम राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित राष्ट्रीय सेवा योजना के लिए समर्पित व्यक्तित्व के धनी विनोद तिवारी ने उपस्थित सभी रासेयो स्वयं सेवको को श्रम का महत्व बताते हुए प्रेरणा दाई नारे एवम गीत से एनएसएस के शिविर की गतिविधियों से अवगत करवाया साथ ही रासेयो संघठन संगठन व्यवस्था के साथ-साथ सभी स्टीतर के कैंप एवम राष्ट्रीय सेवा योजना की मूल भावना से परिचित करवाया ।उन्होंने शिविर में रासेयो स्वयंसेविकाओ द्वारा किए गए सेवा भावी कार्यों को प्रशंसा की।इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर निधि डोडानी ने शिविर दिनचर्या अवगत कराते हुए रासेयो के उद्देश्य बताए। इस अवसर पर सहयोगी चंचलेश डेहरिया, वरिष्ठ स्वयंसेवक लोकेश सनोडिया, सुष्मिता उइके व आशिया अंसारी , शिविरनायिका रेशमी उइके, आकांक्षा डेहरिया, प्राची चेचकर, दीपिका बंदेवार, श्रृष्टि श्रीवास्तव, निकिता, हर्षिता, आकृति व अधिक से अधिक स्वयंसेविकाएं उपस्थित रही।

## 21 देशों के 40 कलाकारों द्वारा भारतीय संगीत प्रस्तुति 18 को

### सहजयोग प्रणेता श्रीमाताजी निर्मला देवी का 100वां जन्मोत्सव



**छिंदवाड़ा ।** पूरा विश्व आगामी 19 से 22 मार्च तक छिंदवाड़ा की पावन भूमि पर सहजयोग प्रणेता श्रीमाताजी निर्मला देवी का 100वां जन्मोत्सव मनाने जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में 18 मार्च की शाम 6 बजे पोला ग्राउण्ड पर ''योगधारा'' कार्यक्रम एवं आत्मसाक्षात्कार का निशुल्क आयोजन होगा। छिंदवाड़ा में पहली बार 21 देशों के 40 कलाकारों द्वारा भारतीय संगीत तथा शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।यह जानकारी परम पूज्य श्रीमाताजी निर्मलादेवी सहजयोग नेशनल ट्रस्ट के उपाध्यक्ष रमेश मंताना ने दी। उन्होने बताया कि सहजयोग प्रणेता श्रीमाताजी निर्मला देवी का जन्म छिंदवाड़ा की पावन भूमि पर हुआ था। आगामी 21 मार्च को श्रीमाताजी का 100वां जन्मदिवस है। इस परिप्रेक्ष्य में छिंदवाड़ा में पूरे विश्व के सहजयोगियों द्वारा 19 से 22 मार्च तक जन्म महोत्सव मनाया जाएगा।इसी परिप्रेक्ष्य में 18 मार्च की शाम 6 बजे से पोला ग्राउण्ड पर छिंदवाड़ा में पहली बार 21 देशों के 40 कलाकारों द्वारा ''योगधारा'' अन्तर्गत भारतीय संगीत तथा शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही आत्मसाक्षात्कार दिया जाएगा।इन देशों के सहजयोगी कलाकार शामिल है दल मेंश्री मंताना ने बताया कि ''योगधारा'' प्रस्तुति देनेवाले कलाकार जोकि सहजयोगी हैं, अमेरिका, इंग्लैण्ड,रशिया, न्यूजीलैंड, यूक्रेन, इटली, जर्मनी,चेक रिपब्लिक, ताइवान, फ्रांस, निदरलैण्ड, ऑस्ट्रेलिया, रोमानिया, स्वीजरलैंड से हैं। इसप्रकार कुल 21 देशो से 40 सहजयोगी विदेशी कलाकार भारतीय संगीत पर भजन एवं नृत्य के माध्यम से शिव/ गणेश महिमा के साथ देवी स्तुति आदि प्रस्तुति देंगे। ये कलाकार ''योगधारा'' कार्यक्रम में भारत भूमि का महत्व बताते हुए हमारे देश के राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् की प्रस्तुति भी देंगे। इसी कार्यक्रम के दौरान ये सहजयोगी कलाकार परम पूज्य श्रीमाताजी निर्मला देवी के प्रवचन के माध्यम से सहजयोग द्वारा कुण्डिलिनी जागरण, आत्मसाक्षात्कार एवं ध्यान करवाएंगे।जिसे उपस्थितजन अपने हाथों पर ठण्डी लहरों के रूप में अनुभव कर सकेंगे।पूरे विश्व में भ्रमण कर रहा है ''योगधारा'' समुह श्री मंताना ने बताया कि योगधारा विश्व के 21 देशो का समूह है जिसमे 40 से अधिक सहजयोगी कलाकार है। ये सहजयोग ध्यान विधि से अनेक वर्षो से विश्व के विभिन्न देशों में भ्रमण स्वयं के खर्च पर कर रहे हैं तथा प्रस्तुतियां देकर आत्मसाक्षात्कार करवा रहे हैं।

## संगठन की कांग्रेस की सबसे बड़ी शक्ति: ओक्टे

**छिंदवाड़ा ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ एवं जिले के सांसद नकुलनाथ की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही भाजपा की विकास विरोधी सोच से जनता को अवगत कराने की जिम्मेदारी कांग्रेस के प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता को सौंपी जा रही है। आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे के द्वारा निरंतर कांग्रेस की क्षेत्रीय कमेटियों की बैठक लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री ओक्टे ने आज क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी रजाडा एवं पालाखेड़ की सयुंक्त बैठक ग्राम रजाडा में ली। आयोजित बैठक में दोनों क्षेत्रीय कमेटियों के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी शक्ति संगठन से है। संगठन ही सबसे बड़ी ताकत है और उस शक्ति का हिस्सा हमारी क्षेत्रीय कमेटियों के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण है। उन्होंने कहा पहले जिला कांग्रेस से ही संगठन संचालित होता था किन्तु बदलती राजनीति और बढ़ते दायरे को देखते हुये पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस और फिर क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटियों का गठन किया गया जो आज गांव-गांव में मजबूती के साथ कार्य कर रही है।

### सात करोड़ से होगा मुख्य सड़कों का कायाकल्प

छिन्दवाड़ा- अपने संसदीय कार्यकाल सहित केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में श्री कमलनाथ ने जिला मुख्यालय सहित सम्पूर्ण जिले में ग्रामीण सड़कें, राजमार्ग व राष्ट्रीय राजमार्ग के लिये अरबों रुपयों की सौगात दी है। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा सुगम व सुरक्षित यातायात को दृष्टि में रखते हुये सड़क सुधार व निर्माण का यह सतत क्रम जारी है। श्री कमलनाथ की सार्थक पहल के परिणाम स्वरूप छिन्दवाड़ा नगरीय निकाय क्षेत्र की प्रमुख सड़कों के कायाकल्प के लिये नगरीय निकाय एवं आवास मंत्रालय द्वारा रुपये सात करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है।

## पटवारी परीक्षा देने जा रहे परीक्षार्थियों ने राज्य सरकार से आने-जाने एवं होटल में रूकने का खर्चा मांगा

**छिंदवाड़ा ।** कर्मचारी चयन आयोग द्वारा पटवारी परीक्षा का सेंटर छिंदवाड़ा में नहीं होने के कारण परीक्षार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें महिला भी शामिल है, 18 तारीख को पटवारी की परीक्षा का सेंटर जबलपुर में है, जबलपुर में जो सेंटर रखे गये है, उसमें सुबह 7 बजे अटेंड करना है परीक्षार्थियों को इसके लिए एक दिन पहले जाना पड़ेगा और वहां होटल में रूकना पड़ेगा भारी खर्चे का घर है, छिंदवाड़ा से रेल नहीं चल रही है इसलिए परीक्षार्थियों को बस से जाना पड़ रहा परीक्षार्थियों ने राज्य सरकार से मांग की है कि परीक्षार्थियों जो खर्च आ रहा है उसे सरकार देवे। छिंदवाड़ा में परीक्षा केन्द्र न बनने का कारण कमलनाथ का प्रतिनिधित्व होने के कारण छिंदवाड़ा में जानबूझकर सेंटर नहीं बनाए गये ऐसा आरोप परीक्षार्थियों ने लगाया है।

## तीर्थंकर आदिनाथजी का जन्म तप कल्याणक महोत्सव मनाया



**छिन्दवाड़ा ।** चैत्र कृष्ण नवमीं के शुभ दिन सकल जैन समाज ने प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 श्री आदिनाथ भगवान ऋषभदेवजी का मंगलकारी जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव पूर्वक मनाकर विविध अनुष्ठानों में हिस्सा लिया।महा मंगलमय प्रसंग पर अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जिनालय में श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मण्डल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के श्रावकगणों ने मनोहारी वेदी पर विराजमान जिनबिम्बों का प्रक्षालन कर महोत्सव का शुभारंभ किया पश्चात श्राविकाओं ने मंगलगान के साथ मंगल कलशों की स्थापना करी।कलश स्थापना के साथ सकल समाज ने श्री जिनेन्द्र पूजन कर श्री आदिनाथ पंचकल्याणक विधान में हिस्सा लेकर श्री आदिप्रभु के जन्म एवं तप कल्याणक सहित पांचों कल्याणक की खुशियां मनाई।इस अवसर पर युवा गीतकार पण्डितश्री ऋषभ शास्त्री के साथ वर्धमान जैन, सचिन जैन, आशीष कौशल, सिद्धांत जैन एवं श्रीमती जूली पाटनी के सुमधुर मंगलगान ने पंचकल्याणक महोत्सव की यादें ताज कर दी।रात्रि के समय सकल समाज ने श्री जिनेन्द्र भक्ति कर देव- शास्त्र - गुरु भगवंतों का गुणगान कर स्वाध्याय भवन में पं. सुनीलकुमारजी शास्त्री राजकोट वालों के मंगल प्रवचनों का लाभ लेकर आदिनाथ भगवान का मंगलकारी जीवन दर्शन के साथ उनके द्वारा बताए गए मुक्ति के मार्ग को जाना।साहित्यिक कार्यक्रमों के अंतर्गत श्री आदिनाथ भगवान के जीवन चरित्र पर अक्षयनिधि प्रतियोगिता का सुंदर आयोजन किया गया जिसका सफल संचालन फेडरेशन सचिव दीपकराज जैन एवं सुमितराज जैन द्वारा किया गया। मंगलाचरण श्रीमती अनिता संजय कौशल ने किया। प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को मण्डल के मंत्री अशोक वैभव, डॉ. के. सी. जैन एवं प्रकाश अहिंसा के हस्ते सम्मानित कर सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी गई।

## कमलनाथ व नकुलनाथ का 19 मार्च को आयेंगे

### ग्रामीण अंचलों का दौरा कर विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे सम्मिलित

**छिन्दवाड़ ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के लाड़ले सांसद नकुलनाथ का 19 मार्च को छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय जिले के ग्रामीण अंचलों का दौरा कर विभिन्न धार्मिक व राजनीतिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। चौरई ब्लॉक के ग्राम माचागोरा में वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम व माताजी निर्मला देवी के जन्मशताब्दी समारोह में सम्मिलित होंगे।





पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का दिनांक 19 मार्च को दोपहर 1.30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा छिन्दवाड़ा आगमन होगा। सांसद नकुलनाथ का सायं 5.40 बजे छिन्दवाड़ा आगमन होगा। दिनांक 20 मार्च को सांसद नकुलनाथ का प्रात: 10.30 बजे ग्राम थुनिया भांड में आयोजित जिला स्तरीय फाग प्रतियोगिता में आगमन होगा। कार्यक्रम उपरांत प्रात: 10.50 बजे वे शिकारपुर के लिये प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12 बजे पूर्व सीएम कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ का चौरई ब्लॉक के ग्राम माचागोरा में हेलीकॉप्टर द्वारा आगमन होगा। तदोपरांत वे वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात नेताद्वय का मोहखेड़ ब्लॉक के ग्राम सालीमेटा में दोपहर 1.15 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा आगमन होगा। आगमन उपरांत वे माता निर्मला देवी आश्रम में आयोजित माताजी निर्मला देवी के जन्मशताब्दी समारोह में सम्मिलित होने के उपरांत शिकारपुर के लिये प्रस्थान करेंगे। शिकारपुर आगमन उपरांत सांसद नकुलनाथ का दोपहर 2 बजे उमरेठ ब्लॉक के ग्राम तिघरा में आगमन उपरांत जनसभा को सम्बोधित करेंगे। दोपहर 3.20 बजे जामई ब्लॉक के ग्राम केवलारी के लिये प्रस्थान करेंगे। अपराह्न 4.35 बजे परासिया ब्लॉक के ग्राम तितरा के लिये प्रस्थान करेंगे। ग्राम तितरा में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। 21 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ प्रात: 11.15 बजे हेलीकॉप्टर से सिमरिया हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर सर्व कल्याण के लिये प्रार्थना करेंगे। तदोपरांत नेताद्वय हेलीकॉप्टर से प्रात: 11.40 बजे सौंसर के लिये प्रस्थान करेंगे। दोपहर 1.15 बजे नेताद्वय का शिकारपुर आगमन होगा। आगमन उपरांत सांसद नकुलनाथ दोपहर 2 बजे तामिया ब्लॉक के ग्राम चावलपानी के लिये प्रस्थान करेंगे। दोपहर 3.30 बजे छिन्दी ब्लॉक के ग्राम सिधोली के लिये प्रस्थान

## मुख्यमंत्री की झूठी घोषणा से शिक्षकों में भारी आक्रोश

### प्रदेश शिक्षक संघर्ष मोर्चा की बैठक 19 मार्च को

### छिन्दवाड़ा में बनी रणनीति से होगा आंदोलन का शंखनाद

**छिन्दवाड़ा ।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने स्वयं की विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत नसरूल्लागंज में प्रदेश भर से एकत्रित शिक्षक/ शिक्षिकाओं के समक्ष दिसम्बर 2017 में खुले मंच से घोषणा की थी कि - प्रदेश के शासकीय शिक्षकों को प्राप्त वेतनमान अनुरूप उनकी शैक्षणिक योग्यतानुसार पदनाम प्रदान किया जावेगा। ऐसी घोषणा करने का विकल्प प्रदेश के मुखिया ने इसलिये चुना था क्योंकि सुप्रीम कोर्ट से आरक्षण के मुद्दे को लेकर पदोन्नति पर रोक लगी हुयी है तथा 2018 में विधानसभा के चुनाव होने वाले थे। चूंकि मुख्यमंत्री की घोषणा को 5 वर्ष बीत चुके लेकिन प्रदेश के मुखिया होने के बाद भी स्वयं की घोषणा को आदेश के रूप में क्रियान्वित नहीं करा पाए। मुख्यमंत्री के द्वारा की गई घोषणा झूठी साबित होने के कारण प्रदेश के शिक्षकों में रोष व्याप्त है। ज्ञात हो कि राज्य के शिक्षकों को एक ही पद पर अपनी सेवाऐं देते हुये 35 से 40वर्ष बीत गए परन्तु उन्हें एक भी पदोन्नति नहीं दी गई जबकि हजारों शिक्षक/शिक्षिकाऐं पदोन्नति का इंतजार करते करते सेवानिवृत्त हो चुके हैं।प्रदेश के राष्ट्र निर्माता शिक्षक अब सरकार के खिलाफ लामबन्द हो गए हैं। शिक्षकों ने मध्यप्रदेश पदोन्नति/पदनाम संघर्ष मोर्चा का गठन कर शिवराज सरकार को वादा निभाने का ज्ञापन भी सौंप दिया है परंतु शासन की ओर से कोई कार्यवाही ना होते देख शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 19 मार्च 2023 (रविवार ) को रानी कोठी के सामने,राज नगर कालोनी छिन्दवाड़ा में आमंत्रित की है जिसमें पूरे प्रदेश से शिक्षकों के प्रतिनिधि पहुंच रहे हैं।प्रांतीय बैठक में आपसी विचार-विमर्श उपरांत ठोस रणनीति बनाकर शासन को आगाह करते हुए व्यापक आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा ताकि प्रदेश के शिक्षकों को उनकी सेवाओं का लाभ मिल सके।बैठक में संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय संयोजक सुनील मेश्राम ,प्रांतीय सरंक्षक सतीश शर्मा,सुभाष शर्मा ,गिरीश दहायत सहित अनेक पदाधिकारी छिन्दवाड़ा पहुंच रहे हैं। उपरोक्त जानकारी देते हुये म.प्र.शिक्षक पदोन्नति/पदनाम संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक डी.एस.राजपूत ,प्रदेश महासचिव रामविलास रघुवंशी ,श्याम कावेरी (जिलाध्यक्ष ) ने छिन्दवाड़ा जिले के शिक्षक शिक्षिकाओं से बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

## जल कर नहीं पटाने पर काटे नल कनेक्शन

**छिंदवाड़ा ।** नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह के सख्त निर्देश पर जल कर के बड़े बकायादारों के विरुद्ध सीधे नल कनेक्शन काटने की प्रतिदिन कार्यवाही की जा रही।इसी श्रृंखला में 16 मार्च दिन गुरुवार को वार्ड नं 15 में गोकुल प्रसाद साहू के निवास का नल कनेक्शन काटा गया जिनपर रू. 26870/- का जलकर बकाया था,लगातार सम्पर्क करने पर भी उपरोक्त उपभोक्ता द्वारा जलकर जमा नहीं कराया जा रहा था।नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही निगम वार्ड प्रभारी सत्येंद्र जायसवाल,रितेश कसार,मोतीराम व सिद्धार्थ पवार द्वारा की गई।जल प्रदाय प्रभारी विवेक चौहान द्वारा जानकारी दी गई कि बाकि बकायादार भी जल्दी से जल्दी जलकर जमा करें वरना उनके भी नल कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में किया अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन



**छिंदवाड़ा ।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के द्वारा गोद ग्राम गुरेया ढाना चिमन में प्राचार्य डॉ. अजरा एजाज के मार्गदर्शन व कार्यक्रम अधिकारी प्रो.पूनम उसरेठे एवं प्रो.रिंकी भाबर के कुशल नेतृत्व में चल रहे रासेयो के प्रथम एवं द्वितीय ईकाई के सात दिवसीय शिविर में आज पंचम दिवस में जिला क्षय केंद्र से डॉ.जयकुमार अहिरवार एवं डॉ. आरती दुबे ने टी.बी. के लक्षण व सावधानी की विस्तृत जानकारी प्रदान की । स्वयंसेवी द्वारा स्कूल व मंदिर प्रांगण में पौधारोपण कर स्थानीय लोगों को पर्यावरण सरंक्षण करने के लिए प्रेरित किया।बौद्धिक सत्र में डॉ .सुरेश अहिरवार सर , डॉ. रोहित सर ,श्री सुनील बरखाने सर की गरिमामयी उपस्तिथि में स्वयं सेविकाओं और स्कूल के नन्हें मुन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी। स्वयंसेवी और स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित एवं रासेयो के लक्ष्य गीत से हुई। इसके बाद नशा मुक्ति पर लघु नाटिका , शिक्षा का महत्व पर गीत प्रस्तुत किया । सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। कुछ स्वयंसेवी ने शिविर में पोस्टर बनाया और पेंटिंग कला का प्रदर्शन किया जो आकर्षण का केंद्र रहा । द्वितीय सत्र का अंतर्गत कु.विनिता नेटी अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर नगर निगम छिंदवाड़ा ने स्वच्छता पर शपथ दिलाई । शिविर में श्री उत्सव बैरागी जी नगर निगम ब्रांड एंबेसिटर छिंदवाड़ा , सांसद प्रतिनिधि (समाज सेवी) रेशमा खान ने भी शिविर में अपने स्वयंसेवी होने का अनुभव साझा किया।कार्यक्रम में स्थानीय जनसमुदाय व स्कूल के बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ उपस्थित हुए। महाविद्यालय के डॉ.सुदीश सूर्यवंशी ,श्री शोभाराम जम्होरे, कु.तंजीम मंसूरी मौजूद थे ।







## भोपाल में पंचम अंतर्राष्ट्रीय रामायण अधिवेशन आरंभ

भोपाल । पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने आज राजधानी भोपाल में पंचम अंतर्राष्ट्रीय रामायण अधिवेशन का शुभारम्भ किया। यह अधिवेशन रामायण केन्द्र, एवं तुलसी मानस प्रतिष्ठानके द्वारा किया जा रहा है। इस आयोजन के अध्यक्ष स्वदेश के प्रधान संपादक राजेन्द्र शर्मा, विशेष अतिथि पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, रामायण केन्द्र के निर्देशक डॉ. राजेश श्रीवास्तव रहे, संचालन देवेन्द्र कुमार रहे।



पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसथा सदस्य दिग्विजय सिंह ने दतिया स्थित पीताम्बरा पीठ, माता के दर्शन कर लिया आशीर्वाद तथा प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की।

## पं. उद्धवदास मेहता आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार वितरण समारोह आज



**भोपाल।** पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान के रजत जयंती ऑडिटोरियम में आज शाम को पं. उद्धवदास मेहता वैद्य शास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजनकिया जा रहा है जिसके मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल रहेंगे। इस दौरान आयुष विभाग राज्यमंत्री रामकिशोर (नानो) कावरे, आयुष विभाग के आयुक्त आईएएस सोनाली पोंक्षे वायंगणकर, प्रमुख सचिव प्रतीक हजेला भी मौजूद रहेंगे।

## छायाकारों व वीडियो जर्नलिस्ट का सम्मान समारोह 22 मार्च को

**भोपाल ।** राजधानी के उत्कृष्ठ छायाकारों व वीडियो जर्नलिस्ट का सम्मान समारोह छ्य24×7 हद्द2ह्य चैनल द्वारा आयोजित किया जा रहा है । यह सम्मान समारोह आगामी 22 मार्च 2023 बुधवार को हिंदी नववर्ष के प्रथम दिन राज्य संग्रहालय श्यामला हिल्स संपन्न होगा। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग रहेंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर मालती राय महापौर के द्वारा की जाएगी। पत्रकार प्रवाल सक्सेना, सुभाष श्रीवास्तव के द्वारा आयोजन को मूर्त रूप दिया जाएगा।

## सर्वर हुआ डाउन, 20 हजार लोगों को नहीं मिल सका राशन




**भोपाल।** राजधानी में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर सर्वर डाउन होने की वजह से लगभग 20 हजार लोगों को राशन नहीं मिल सका है। यहां तक कि अन्न उत्सव में भी हितग्राहियों को राशन दुकानों से गेहूं-चावल नहीं बांटा जा सका है। राशन के लिए लोग घंटो दुकानों के बाहर खड़े रहे और आखिर में खाली हाथ ही जाना पड़ रहा है। ऐसे में हितग्राही परेशान है कि वह राशन लेने दुकान पर कतार में लगे या फिर मजदूरी कर पैसा कमाने जाए। इधर, करोड़ों रुपए का भुगतान करने के बाद भी कंपनी की जिम्मेदारी तय नहीं हो पा रही है। कारण है कि अधिकारियों का ध्यान ही इस गंभीर समस्या की तरफ नही है। जबकि यह परेशानी काफी समय से बनी हुई है।

### एक महीने से बनी हुई है समस्या

पिछले एक महीने से सर्वर की समस्या बनी हुई है। पोर्टल में एरर आने की वजह से पीओएस मशीनों से राशन वितरण रुका हुआ है। यही कारण है कि लोगों को राशन के लिए महीनों चक्कर काटने पड़ रहे हैं। वहीं, सरकार द्वारा 16 व 17 मार्च को अन्न उत्सव का आयोजन किया गया है। इस दौरान कम से कम 25 प्रतिशत कार्डधारियों को राशन वितरण करना अनिवार्य है। एक कार्ड में ही 30 से 35 मिनट का समय लग रहा है, यह समय कभी- कभी एक घंटे तक बढ़ जाता है। फिर भी लोगों को राशन मिल जाता था। अब तो मशीन ही नहीं चल रही है। 15 और 16 मार्च को मशीन में एरर होने के कारण सिर्फ दुकानों में कार्डधारियों और सेल्समेन के बीच नोंकझोंक ही देखने को मिली।

### हर महीने सवा तीन लाख परिवारों को दिया जाता है राशन

भोपाल जिले में 20 हजार लोग राशन लेने से वंचित रह गए हैं। हर महीने तीन लाख 32 हजार परिवार 463 पीडीएस की दुकानें से राशन उठाते हैं। रोजाना इन दुकानों से 10 हजार लोग राशन लेते हैं। बुधवार दोपहर 12 बजे के बाद सर्वर डाउन हो गया था। यह गुरुवार को भी डाउन रहा। इधर, राशन लेने पीडीएस दुकानों पर पहुंचे लोगों को घंटों सर्वर ठीक होने के इंतजार करना पड़ा, लेकिन देर शाम तक सर्वर ठीक नहीं हो सका। राशन के लिए लोग दो दिन से परेशान हो रहे हैं।

## रेलवे के रनिंग कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन




**भोपाल।** आज राजधानी में रेल मण्डल के रनिंग कर्मचारियों के द्वारा वेस्ट सेन्ट्रल रेल्वे मजदूर संघ के बैनर तले विभिन्न समस्याओं को लेकर विरोध धरना प्रदर्शन किया गया। वेस्ट सेन्ट्रल रेल्वे मजदूर संघ के जोनल मीडिया कॉर्डिनेटर रोमेश चौबे ने बताया कि रनिंग कर्मचारियों को प्रशासन द्वारा मानसिक प्रताड़ना देने एवं विपरीत परिस्थितियों में कार्य करवाया जा रहा है जिसमें रनिंग कर्मचारियों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इससे वरिष्ठ अधिकारियो के विरोध में प्रदर्शन किए जा रहे । प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष राजेश पांडेय ,संयुक्त महामंत्री आर के शर्मा, जोनल कोषाध्यक्ष कमलेश परिहार के साथ सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ,पधाधिकारी ,रनिंग कर्मचारियों ने शामिल होकर धरना प्रदर्शन के दौरान संबोधित किया।

## MP की 23 हजार पंचायतों में होगी तालाबंदी, 20 मार्च से सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पंचायतकर्मी 20 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। इससे प्रदेशभर की 23 हजार से ज्यादा पंचायतों में तालाबंदी की नौबत बन सकती है। वेतन समेत अन्य मांगें पूरी नहीं होने के कारण वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। इस दौरान जिला मुख्यालय के साथ राजधानी में भी पंचायतकर्मी भूख हड़ताल करेंगे।



मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन के बैनरतले यह प्रदर्शन होगा। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि जुलाई-अगस्त-21 में पूरे प्रदेश में एक महीने के लिए आंदोलन किया था। तब शिवराज सरकार ने 10 अगस्त-21 को सभी मांगों को लेकर आदेश जारी करने की बात कही थी, लेकिन इसे दो साल बीतने को आए हैं। बावजूद अब तक एक भी मांग पूरी नहीं की गई है। इससे नाराजगी हैं और अब आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।




## गौरवदीप वेलफेयर सोसाइटी का उमंग उत्सव शुरू

भोपाल । राजधानी कोलार रोड पर में उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसाइटी के पांचवे उमंग उत्सव का शुभारंभ सरस्वती बंदना के साथ किशन सूर्यवंशी व संदीप के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया । दिल्ली ग्वालियर, झांसी, गुना, भोपाल के व्हीलचेयर क्रिकेट खिलाड़ियों ने मंच पर स्टंट कर 3 बंभित कर दिया कार्यक्रम में सो दिव्यांगजनों ने गायन, नृत्य, स्टड, माईम, फैशन शो पर अपनी प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच आत्मनिर्भर दिव्यांग जनों का सम्मान किया गया। जिन्हें सम्मानित किया श्री सोनू गोलकर दृष्टिबाधित मध्यप्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट टीम के कप्तान गौरांशी शर्मा मूकबधिर अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी कुमुद पोरहा अस्थि बाधित एक्सिस बैंक में कार्यरत देवेंद्र पाटीदार अस्थिबाधित भविष्य निधि कार्यालय में कार्यरत डॉ राधेश्याम पवरिया दृष्टिबाधित सहायक प्राध्यापक एमएलबी कॉलेज, पलक शुक्ला मूक बधिर राष्ट्रीय पटिंग कलाकार, शैलेंद्र यादव अस्थिबाधित मध्यप्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के कप्तान दीपक शर्मा अस्थिवाधित अंतर्राष्ट्रीय पैरा फेसर (तलवारबाज) । मुख्य अतिथि प्रतीक हजेला आयुक्त सामाजिक न्याय विभाग एवं विशेष अतिथि नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी थे।

## एक दिन में कोविड के 700 केस, केंद्र हुआ अलर्ट, 6 राज्यों को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली।** देश में एक बार फिर से कोरोना के मामलों में इजाफा हो रहा है। भारत में करीब चार महीने बाद 700 से नए मामले सामने आए हैं. पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 754 नए मामले सामने आए हैं।

इससे चिंतित केंद्र सरकार के स्वास्थ्य सचिव ने छह राज्यों को चिट्ठी लिखी। चिट्ठी में कहा गया है कि पिछले कुछ महीने में कोविड के केस में कमी आई थी लेकिन पिछले एक हफ्ते से केस में अचानक बढोत्तरी देखने को मिल रही है. ऐसे में राज्य सरकारें कोरोना के बढ़ते मामलों को कंट्रोल करने पर ध्यान दें. दरअसल, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने जिन छह राज्यों को चिट्ठी लिखी है, उनमें महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक शामिल हैं. स्वास्थ्य सचिव ने चिट्ठी में कहा कि 15 मार्च तक आते आते केस में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है. राज्य सरकारें टेस्ट, ट्रीट, ट्रैक, वैक्सीनेशन पर जोर दें। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने इन राज्यों के मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव को चिट्ठी लिखकर जरूरी सावधानी और एहतियात बरतने की सलाह दी है. इसके साथ ही केस को कंट्रोल करने की अपील भी की है।

## उज्जैन, दमोह और देवास में बारिश

### आधे MP में आज तेज बारिश-आंधी, भोपाल, इंदौर में ओलावृष्टि के आसार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 16 मार्च से बारिश का सिस्टम एक्टिव है। शुक्रवार को उज्जैन के साथ दमोह के पथरिया और देवास में बारिश हुई। मौसम विभाग की मानें तो भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, रीवा संभाग के साथ कटनी, जबलपुर, पन्ना, सागर और छतरपुर में तेज आंधी के साथ ओले गिर सकते हैं। इसके साथ ही, ग्वालियर, सागर-शहडोल में भी बारिश के आसार हैं। हवा की रफ्तार 40 से 60द्मद्व प्रतिघंटा रह सकती है। आकाशीय बिजली के चमकने और गिरने की भी आशंका है।

पिछले दो दिन से भोपाल, इंदौर, सीहोर, खरगोन, नर्मदापुरम, बड़वानी, देवास, बुरहानपुर, शिवपुरी, बैतूल, रायसेन, ग्वालियर, भिंड, खंडवा, हरदा, मुरैना, उज्जैन, धार, छिंदवाड़ा, अनूपपुर, डिंडौरी, दमोह, सिवनी, कटनी, बालाघाट, नरसिंहपुर, रीवा और सागर में बारिश का दौर जारी है। गुरुवार को भी प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। भोपाल, मंदसौर में ओले भी गिरे।

### इसलिए बदला मौसम

मौसम वैज्ञानिक पांडे ने बताया कि उत्तर भारत में एक विक्षोभ सक्रिय है, जो काफी मजबूत है। इसी के प्रभाव से एक प्रेरित चक्रवात साउथ-ईस्ट राजस्थान में 14 मार्च से बना हुआ है। इससे प्रदेश में मौसम बदल गया है। 16 मार्च से फिर एक पश्चिमी विक्षोभ बन गया है। दक्षिण-पूर्वी हवाएं बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी लेकर आ रही है। इन दोनों के मिश्रण से प्रदेश में बारिश, ओलावृष्टि और तेज आंधी का असर है।

**19 मार्च तक बारिश, ओलावृष्टि और तेज आंधी के आसार-** 17 मार्च को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल, सागर और जबलपुर संभाग में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर ओलावृष्टि भी होने के आसार हैं। यानी प्रदेशभर में मौसम बदला सा रहेगा।




गैस पीड़ितों के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सरकार की ओर से सही पैरवी न किए जाने के विरोध में भाकपा ने भोपाल में प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व शैलेंद्र कुमार शैली ने किया।

## 26 विभागों में भ्रष्टाचार के 44 मामलों में105 अफसरों पर ईओडब्ल्यू ने की कार्यवाही

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सरकारी विभागों में पदस्थ रहे कलेक्टर, एसडीएम, सीएमओ, इंजीनियर, अस्पताल अधीक्षक,तहसीलदार,सरपंच, सचिव, लेखापाल, शिक्षक सहित 26 विभागों में पदस्थ विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों को आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने आर्थिक अनियमितता करते रंगे हाथों पकड़ा और 44 प्रकरण दर्ज कर 105 अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की है। लेकिन इनके प्रशासकीय विभाग इनके खिलाफ सालों से अभियोजन स्वीकृति नहीं दे रहे हे जिसके चलते इनके खिलाफ आगे कार्यवाही नहीं हो पा रही है।

जिन प्रमुख विभागों में बड़े अफसरों के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति न देकर उन्हें बचाने की कवायद हो रही है उनमें ये सभी शामिल है।

### सामान्य प्रशासन विभाग-

रीवा के मऊगंज में एसडीएम ओएन पाण्डेय, एसडीएम एपी घमह के विरुद्ध 2020 से,सेवानिवृत्त कटनी कलेक्टर अंजू सिंह बघेल के खिलाफ 2011 में दर्ज मामले में 2017 से अभियोजन स्वीकृति लंबित चल रही है।बुधनी के दो तत्कालीन तहसीलदार केएस सेन और एमडी शर्मा, एके बड़कुर, लेखापाल रामचरण सिंह के खिलाफ 2019 से, विदिशा के तत्कालीन कलेक्टर योगेन्द्र शर्मा के खिलाफ 2020 से, खाद्य विभाग के तत्कालीन उपसचिव ललित दाहिमा के खिलाफ 2021 से, तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी सांवेर पवन जैन और कौशल बंसल के खिलाफ फरवरी 2023 से, कटनी की सेवानिवृत्त कलेक्टर अंजू सिंह बघेल के खिलाफ दूसरे मामले में फरवरी 2021 से लंबित है।

### नगरीय विकास एवं आवास-

नगर पालिका रतलाम के पूर्व महापौर जयंतीलाल , सम्पत्तिकर अधिकारी मनोहर लाल वर्मा पर 2020 से,सीहोर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी डीएस परिहार, अनुविभागीय अधिकारी हनीफ खान, सहायक यंत्री अनिल श्रोत्रिय, कार्यवाहक अध्यक्ष अशोक सिसोदिया, उपयंत्री नरेन्द्र सिंह चौहान, लेखापाल हरिभान सिंह बुंदेला,लिपिक श्याम सिंह चंद्रवंशी पर 2021 से, मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामशिरोमणि, आरसी साहू, लेखापाल विष्णुदेव,सहायक ग्रेड तीन धीरेन्द्र सिंह,शाखा प्रभारी रामगोपाल मिश्रा पर 2021 से अनुमति लंबित है।

### राजस्व विभाग-

पोहरी हाल के सेवानिवृत्त अनुविभागीय अधिकारी नंदकिशोर वीरवाल, तत्कालीन नायब तहसीलदार जयकिरण सिंह गुर्जर, सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव पर 2019 से, सेवानिवृत्त तहसीलदार ओपी पगारे पर 2020 से, राजस्व निरीक्षक दिनेश जैन पर 2022 से लंबित है।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग-

दमोह जिले के पथरिया के तत्कालीन विकासखंड अधिकारी वाय एस चौहान पर ईओडब्ल्यू ने नवंबर 1999 में कार्यवाही की और जनवरी 2018 से अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के पास अभियोजन स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा गया है अभी तक अनुमति प्रदान नहीं की गई है। इसी तरह एपीओ मनरेगा पनागर प्रशांत शर्मा, पंकज मुडिया उपयंत्री, मेहबूब खान सीईओ पनागर, सुधा यादव सरपंच सोनपुर , सरला यादव सचिव ग्राम पंचायत गधेरी पर 2015 में दर्ज मामले में ईओडब्ल्यू विभाग से सितंबर 2022 से अभियोजन मंजूरी मांग रहा है। तिलगंवा के सरपंच कृष्णा यादव और पनागर के एपीओ प्रशांत शर्मा के खिलाफ 2015 में दर्ज मामले में जनवरी 2021 को अनुमति मांगी है। एपीओ पनागर प्रशांत शर्मा, उपयंत्री पंकज मुडिया, सीईओ मेबूब खान, सरपंच सोनपुर बेगी बाई ठाकुर, सचिव सोनपुर मोहम्द सलीम के खिलाफ 2015 में दर्ज मामले में सितंबर 2022 से अनुमति नहीं मिली। कोटपार गणेश शासकीय हाईस्कूल बरेली के सहायक शिक्षक नवल किशोर शर्मा, तुलसीपार सिलवानी के उमावि के व्यायाम शिक्षक उमराव सिंह धाकड़, और मेहरागांव के स्कूल की अध्यापक सीमा धाकड़ पर 2015 में मामला दर्ज है जून 2018 से अनुमति मांगी गई है। उमरिया के तत्कालीन उपयंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अनिल ईनवाली के विरुद्ध 2017 में दर्ज मामले में 2019 से अनुमति लंबित है।

### जल संसाधन विभाग-

तत्कालीन सहायक यंत्री खरजोर सिंह पर 2020 से,रिटायर्ड अनुविभागीय अधिकारी जबलपुर शिखर चंद्र जैन, रिटायर्ड प्रमुख अभियंता डिंडौरी, मदनगोपाल चौबे पर 2022 से लंबित।

### चिकित्सा शिक्षा-

सुलतानिया अस्पताल के पूर्व अधीक्षक नीरज बेदी, डॉ संध्या नागर, डॉ वीणा नागले, डॉ सौरभ जैन के खिलाफ 2020 से लंबित।

लोक निर्माण विभाग- पूर्व कार्यपालन यंत्री डिंडौरी पीडी वर्मा, पूर्व एसडीओ तीरथ प्रसाद नामदेव, भंडार लिपिक शब्बीर खान पर 2022, सीहोर के कार्यपालन यंत्री एसके कुलकर्णी पर 2021 से लंबित।

### वाणिज्यिक कर-

तत्कालीन उप पंजीयक जबलपुर सुशील कुमार जैन पर 2022 से लंबित।

### इन विभागों में भी अनुमति नहीं-

आदिम जाति कल्याण,, सहकारिता, आदिवासी विकास, कलेक्टर उज्जैन, मंडला, जिला शिक्षा अधिकारी खरगौन, आयुक्त लोक शिक्षण, संभागीय आयुक्त शहडोल,सीईओ मंडला, मुख्य अभियंता पीएचई इंदौर,आयुक्त केन्द्र माल एवं सेवाकर जबलपुर, मंडी बोर्ड, बीज प्रमाणीकरण संस्था,एनएफएस फैक्ट्री पश्चिम बंगाल,आईसीआईसीआई बैंक इंदौर,लोक शिक्षण रीवा।